गाजियाबाद। संसदीय चुनाव 2024 में मतदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनसीआरटीसी ने गाजियाबाद क्षेत्र के मतदाताओं के लिए एक अभियान शुरू किया है। इस जागरूकता अभियान में मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकार का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इस क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान होना है। मतदान करने वाले यात्री स्टैंडर्ड टिकट में भी प्रीमियम कोच में यात्रा कर पाएंगे। यह नागरिकों को चुनावों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए संलग्न करने और सशक्त बनाने के लिए भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) की विभिन्न पहलों के अनुरूप है।

वोट डालने वाले यात्रियों को मिलेगा लाभ

इस अभियान के तहत जो यात्री अपना वोट डालेंगे, वो ही इस खास ऑफर का लाभ उठाने के लिए योग्य होंगे। इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को स्टेशन के प्लेटफॉर्म लेवल पर बने प्रीमियम लाउंज के एएफसी गेट पर मौजूद स्टाफ को अपनी मतदान इंक लगी हुई अंगुली दिखानी होगी। इसके बाद स्टाफ उन्हें प्रीमियम लाउंज में प्रवेश करवा देगा और इसके बाद यात्री सीधे नमो भारत ट्रेन के प्रीमियम कोच में सफर कर सकेंगे।

'आरआरटीएस कनेक्ट ऐप' से लेना होगा टिकट

इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को 'आरआरटीएस कनेक्ट ऐप' से स्टैंडर्ड कोच की टिकट खरीदनी होगी, इसके आधार पर ही वे प्रीमियम कोच में यात्रा के पत्र होंगे। नमो भारत ट्रेन में छह कोच हैं, जिनमें

एक कोच प्रीमियम कोच है जबकि अन्य पांच कोच स्टैंडर्ड कोच हैं।

आम चुनाव 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए ईसीआई के 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' अभियान के अनुरूप यह पहल चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने के महत्व पर प्रकाश डालकर यात्रियों के बीच सामुदायिक और नागरिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करने का प्रयास है। एनसीआरटीसी यात्रियों को नमो भारत ट्रेन में प्रीमियम कोच की बढ़ी हुई आराम और सुविधा का आनंद लेने का मौका दे रहा है।

'आरआरटीएस कनेक्ट ऐप' यहां से करें डाउनलोड

आरआरटीएस कनेक्ट ऐप को गूगल प्ले और एप्पल स्टोर दोनों से डाउनलोड किया जा सकता है। गूगल प्ले डाउनलोड लिंक है:

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.ncrtc&hl=en_US

और एप्पल स्टोर डाउनलोड लिंक है:

https://apps.apple.com/in/app/rrts-connect/id6448940583

ट्रेन में क्या हैं खास सुविधाएं

नमो भारत ट्रेनों के शानदार और आरामदायक प्रीमियम कोच में यात्रियों के लिए खास सुविधाएं हैं, जिनमें मोबाइल और लैपटाप चार्जिंग पॉइंट्स की सुविधा के साथ रिक्लाइनिंग सीट्स हैं। इसके साथ ही इस कोच में अन्य यात्री केन्द्रित सुविधाएं जैसे कोट हैंगर, मैगजीन होल्डर, वॉटर बोटल होल्डर, फुटरेस्ट और विंडो पर धूप से बचने के लिए पारदर्शी पर्दों की सुविधा भी है।

वर्तमान में दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर साहिबाबाद और मोदी नगर नॉर्थ के बीच 34 किमी के सेक्शन में नमो भारत ट्रेन सेवाएं संचालित हैं। इस सेक्शन में आठ स्टेशन हैं, जिनमें साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो, मुराद नगर, मोदी नगर साउथ और मोदी नगर नॉर्थ स्टेशन शामिल हैं। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर की लंबाई 82 किमी है और कॉरिडोर के शेष हिस्सों पर भी निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। एनसीआरटीसी जून 2025 तक दिल्ली के सराय काले खां से मेरठ के मोदीपुरम तक ट्रेनों का संचालन आरंभ करने के लक्ष्य पर काम कर रही है।

ये होंगी शर्तें

* यह अभियान केवल 26 अप्रैल, 2024 के लिए सक्रिय है।

* इस अभियान में भाग लेने के लिए 'आरआरटीएस कनेक्ट ऐप' पर टिकट बुक करना अनिवार्य है।

* प्रीमियम कोच का निःशुल्क अपग्रेड सीटों की उपलब्धता पर निर्भर है।

गुरुग्राम में बढ़ रहे आंखों में एलर्जी के मामले, रोजाना सैंकड़ों लोग पहुंच रहे अस्पताल

परिवहन विशेष न्यूज

गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में कंजक्टिवाइटिस आंखों (आंखों में होने वाला संक्रमण) और सूखेपन के मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। मरीजों में आंखों में लालपन सूखापन जैसी परेशानी भी बढ़ गई है। गर्मियों के दिनों में आंख आना (कंजक्टिवाइटिस) के मामले बढ़ने लगते हैं। इस बीमारी से सबसे ज्यादा बच्चे प्रभावित होते हैं। धूप में ज्यादा देर रहने से आंखों में खुजली होने लगती है।

गुरुग्राम। तापमान में उतार-चढ़ाव के चलते वायरल बुखार के बाद अब आंखों की समस्याएं बढ़ने लगी है। नागरिक अस्पताल में कंजक्टिवाइटिस आंखों (आंखों में होने वाला संक्रमण) और सूखेपन के मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। मरीजों में आंखों में लालपन, सूखापन जैसी परेशानी भी बढ़ गई है। इसके अलावा डायरिया के मरीज भी इन दिनों अस्पताल में आ रहे हैं।

गुरुवार को सुबह से ही मरीजों को भीड़ जुटना शुरू हुई पर्चा काउंटर से लेकर दवा काउंटर और डॉक्टरों के कक्षों के बाहर मरीजों की लाइनें लग गई करीब ओपीडी में 2480 मरीजों ने ओपीडी में जांच कराई।

इसमें बाल रोग विभाग में 210, मेडिसिन विभाग में 320, हड्डी रोग विभाग में 200, चर्म रोग विभाग में भी 180, इएनटी में 200 व नेत्र रोग के 180 और गायनी विभाग में 250 से ज्यादा गर्भवती जांच कराने पहुंची।

क्यों बढ़ रही आंखों में सूखेपन की समस्या?

नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. शुभा बंसल ने बताया कि इस मौसम में वायरस सक्रिय रहता है। जो धूल के कणों के साथ मिलकर आंखों को हानि पहुंचाता है। गर्मियों के दिनों में आंख आना (कंजक्टिवाइटिस) के मामले बढ़ने लगते हैं। इस बीमारी से सबसे ज्यादा बच्चे प्रभावित होते हैं।

धूप में ज्यादा देर रहने से आंखों में खुजली होने लगती है। जिसके बाद आंख रगड़ने पर वह लाल हो जाती है। आंखों से पानी निकलने लगता है। उन्होंने बताया कि आंखों में सूखेपन की समस्या भी बढ़ गई है। क्योंकि गर्मी से बचाव के लिए लोग हर समय पंखे और एसी चला रहे हैं, जो आंखों की नमी सोख रहे हैं। आंखों में सूखेपन से देखने में भी समस्या हो सकती है।

रोजाना तीन से चार गंभीर मरीजों को किया जा रहा भर्ती

बाल रोग विशेषज्ञ और मेडिसिन कक्ष में इन दिनों डायरिया के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। ऐसे में रोजाना तीन से चार गंभीर मरीजों को भर्ती किया जा रहा है।

यह हैं लक्षण

आंख लाल होना, खुजली होना, सूखापन, जलन, पानी आना, दर्द होना।

दिग्गजों के मुद्दों से लहलहा रही वोट बैंक की फसल, स्थानीय सूरमाओं पर काटने का जिम्मा

लोकसभा क्षेत्र गाजियाबाद से भाजपा कांग्रेस और बसपा प्रत्याशी समेत कुल 14 उम्मीदवार चुनाव के मैदान में हैं। सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने मतदाताओं को अपने पक्ष करने के लिए पूरा जोर लगाया है। गाजियाबाद लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल यानी शुक्रवार को मतदान होगा। सभी प्रमुख सियासी दलों के प्रत्याशियों के पक्ष में दिग्गज अपने-अपने मुद्दों से वोट बैंक का बीज बो कर जा चुके हैं।

साहिबाबाद। चुनाव प्रचार थम गया है। मतदान का समय आ गया है। सियासी दलों के दिग्गजों के मुद्दों से वोट बैंक की फसल लहलहा रही है। उसे काटने का जिम्मा अब स्थानीय सूरमाओं के कंधे पर है।

स्थानीय सूरमा इस जिम्मेदारी से बखूबी वाकिफ भी हैं। वह एक-एक वोट पक्का करने के लिए चालें चल रहे हैं। बिसात बिछा दी गई है। अब देखना यह होगा कि किसकी चाल सही पड़ती है और वह गाजियाबाद से संसद तक का सफर करता है।

सबके अपने-अपने मुद्दे

गाजियाबाद लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल यानी शुक्रवार को मतदान होगा। सभी प्रमुख सियासी दलों के प्रत्याशियों के पक्ष में दिग्गज अपने-अपने मुद्दों से वोट बैंक का बीज बो कर जा चुके हैं। भाजपा की बात की जाए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोड शो कर बिना कुछ बोले सबका साथ सबका विकास का संदेश दे चुके हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खुद को स्थानीय नेता बताते देश की अर्थव्यवस्था की बात की। उनके मुद्दों में आंतरिक सुरक्षा भी प्रमुख रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था पर जोर देते हुए मतदाताओं को साधने की कोशिश कर गए हैं।

इसी तरह आइएनडीआइए के राहुल गांधी इलेक्टरोल बॉन्ड के जरिए भाजपा को घेरने की कोशिश की। उन्होंने भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी का मुद्दा उठाया। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी भ्रष्टाचार को ही मुद्दा बताया। बसपा की बात करें तो पार्टी सुप्रीमो मायावाती ने वंचित, किसान, जातिवाद और संप्रदायिकता का मुद्दा उठाया।

क्षेत्रवाद के आधार पर भी बोए गए हैं वोट बैंक के बीज



गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में वैसे तो करीब - करीब हर राज्य के लोग रहते हैं और यहां के मतदाता भी बन गए हैं। उनमें बिहार, पूर्वांचल और उत्तराखंड के लोगों की भागीदारी अधिक है।

यही कारण रहा है कि चुनाव प्रचार के दौरान सभी सियासी दलों ने इसका खास ध्यान रखा है। बतौर बानगी भाजपा ने बिहार व पूर्वांचल के मतदाताओं को साधने के लिए पूर्वांचल की धरती वाराणसी से आने वाले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और बिहार की धरती के सांसद मनोज तिवारी की जनसभाएं हुईं।

उत्तराखंड के मतदाताओं को अपनी ओर करने के प्रयास में वहां के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का कार्यक्रम कराया। इसी तरह आइएनडीआइए प्रत्याशी के पक्ष में बिहार व पूर्वांचल के मतदाताओं को करने के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व प्रमोद तिवारी के कार्यक्रम हुए। उत्तराखंड के मतदाताओं को अपनी ओर करने के लिए हरिद्वार के कांग्रेस नेता आनंद रावत को मैदान में उतारा गया।

अब फसल काटने की बारी

चुनाव प्रचार थमने के बाद इसकी जिम्मेदारी अब सीधे-सीधे प्रत्याशी और उनके सिपहसालारों पर टिक गई है। वह इसके लिए पूरी से तैयार है। अपनी-अपनी रणनीति के तहत मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं। उन्हें अपने पक्ष में बनाए रखने की हर जुगत कर रहे हैं।

इसके लिए पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों के अलावा रिश्तेदारों, मित्रों और परिचितों का भी सहारा ले रहे हैं। उनकी मदद से हर मतदाताओं के चौखट पर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए टोलियां बन गई हैं।

सभी अपने-अपने स्तर पर काम कर रहे हैं। काल, संदेश और सोशल मीडिया का भी सहारा ले रहे हैं। कुल मिलाकर सभी प्रत्याशी अपनी जीत पक्की करने की अंतिम चाल चल रहे हैं। उनका प्रयास कितना सफल होता है यह चुनाव परिणाम आने पर पता चलेगा, फिलहाल चुनावी माहौल का सभी आनंद ले रहे हैं।

नोएडा में बदली है ट्रैफिक व्यवस्था, घर से संभलकर निकलें...

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फेज-2 स्थित स्ट्रांग रूम के आसपास गुरुवार सुबह सात बजे से ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। फूल मंडी से आज पोलिंग पार्टियां रवाना हो रही हैं। वहीं 26 अप्रैल को मतदान पूर्ण होने के बाद पोलिंग पार्टियां ईवीएम फूल मंडी में जमा करेंगी। इस कारण फूल मंडी के आसपास डायवर्जन रहेगा। ऐसे में इधर से गुजरने से परहेज करें।

नोएडा। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फेज-2 स्थित फूल मंडी के ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा। पोलिंग पार्टी द्वारा मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद आज ईवीएम फूल मंडी में जमा की जाएगी। इससे डायवर्जन रहेगा। इससे पहले बृहस्पतिवार को भी फूलमंडी के आसपास ट्रैफिक डायवर्जन रहा।

बावजूद कई वाहन चालक फूल मंडी के आसपास पहुंच गए। इससे फूल मंडी से मतदान केंद्र तक रवाना हुई पोलिंग पार्टियों में सवार बसों में मौजूद मतदाकर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

मौके पर मौजूद यातायात कर्मी व्यवस्था बनाते रहे। डीसीपी ट्रैफिक यादव का कहना है कि फूल मंडी तिराहा से सेक्टर-88 कैंट आरओ चौक तक फूल मंडी के गेट नंबर-3, 4 व 2 के सामने मार्ग बंद रहेगा। चालक हेल्पलाइन नंबर-9971009001 पर संपर्क कर सकते हैं।

यह मार्ग आमजन के लिए रहेंगे प्रतिबंधित

सूरजपुर की ओर से कुलेसरा होकर फेज-2 नोएडा की ओर आने वाले डीएससी रोड पर समस्त प्रकार के मालवाहक चालकों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

भंगेल, जेपी फ्लाईओवर से गेझा तिराहे, एनएसइजेड होकर सूरजपुर की ओर जाने वाले डीएससी मार्ग पर समस्त प्रकार के मालवाहक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

पंचशील, एल्डिको सेक्टर-93 की ओर से सेक्टर-83 याकूबपुर, सेक्टर-87 नयागांव, सेक्टर-88 कैंट आरओ चौक, एनएसइजेड, फेज-2 होकर सूरजपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर समस्त प्रकार के मालवाहक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

सोहरखा, सेक्टर-78 की ओर से ककराला फेज-2 होकर डीएससी मार्ग की ओर आने वाले मार्ग पर समस्त प्रकार के मालवाहक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

ऐसा रहेगा यातायात

सूरजपुर से कुलेसरा डीएससी रोड होकर फेज-2 नोएडा की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के मालवाहक वाहन कच्ची सड़क तिराहा से दाहिने टर्न कर इंडस्ट्रियल एरिया मार्ग ईकोटेक-3 होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

भगेल, जेपी फ्लाई ओवर से गेझा तिराहे होकर सूरजपुर की ओर डीएससी मार्ग पर जाने वाले समस्त प्रकार के मालवाहक वाहन गेझा तिराहा से दाहिने टर्न, यूटर्न कर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे, परी चौक होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

फूल मंडी तिराहा से सेक्टर-88 चौक तक मार्ग बंद रहेगा। मार्ग से जाने वाला यातायात कोतवाली फेज-2 तिराहा से लावा कंपनी तिराहा होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा।

पंचशील, एल्डिको सेक्टर-93 की ओर से सेक्टर-83 याकूबपुर, सेक्टर-87 नयागांव, सेक्टर-88 कैंट आरओ चौक, एनएसइजेड, फेज-2 होकर सूरजपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर समस्त प्रकार के मालवाहक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

सोहरखा, सेक्टर-78 से ककराला फेस-2 होकर डीएससी मार्ग की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के मालवाहक वाहन पर्थला, किसान चौक, बिसरख होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

गाजियाबादः कल शाम चार बजे से हापुड़ रोड पर रहेगा डायवर्जन

कल शुक्रवार यानी 26 अप्रैल को मतदान के बाद गोविंदपुरम अनाज मंडी में ईवीएम रखे जाने की वजह से हापुड़ रोड पर डायवर्जन किया जाएगा। शाम चार बजे से हापुड़ चुंगी से अनाज मंडी की तरफ एवं डासना फ्लाईओवर से अनाज मंडी की तरफ भारी वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। हल्के वाहनों के लिए एनडीआरएफ कट और संतोष मैक्सवेल अस्पताल के बीच आवाजाही बंद रहेगी।

नहीं डालेंगे अपना वोट तो सरकार से कैसे कर सकेंगे सवाल?

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

पहले चरण के मतदान के दौरान देश के कई हिस्सों में कई मतदान केन्द्रों पर मतदान का बहिष्कार के समाचार भी देखने सुनने को मिले। यह भी अपने आप में सही विकल्प नहीं कहा जा सकता। आखिर मतदान का बहिष्कार कर हम अपना ही नुकसान कर रहे हैं।

18वीं लोकसभा के लिए पहले चरण का 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रेल को देश के 13 राज्यों के 89 लोकसभा सीटों के लिए होने जा रहा है। पहले चरण का मतदान 2019 की तुलना में कम हुआ है। यह अपने आप में चिंतनीय हो जाता है। मतदान कम होने के कारणों का विश्लेषण करने का ना तो यह सही समय है और ना ही यह विश्लेषण का समय है कि मतदान कम होने से किसे लाभ होगा या किसे हानि होगी। लाभहानि का आकलन करना राजनीतिक दलों का विषय हो सकता है। पर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिकों द्वारा मताधिकार का उपयोग नहीं करना अपने आप में गंभीर हो जाता है। एक और हम निर्वाचित सरकार से अपेक्षाएं रखते हैं और रखनी भी चाहिए वहीं हम अपनी सरकार चुनने के लिए घर से मतदान करने के लिए भी निकलना अपनी तोहिन समझने लगते हैं। आखिर इतनी गैर जिम्मेदार नागरिक हम कैसे हो सकते हैं? यहां पर बरबस देश की सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी पर ध्यान चला जाता है कि जब हम मतदान के दायित्व को पूरा नहीं कर सकते तो फिर चुनी हुई सरकार से सवाल करने या उससे किसी तरह की अपेक्षा रखने का हक भी हमें नहीं होना चाहिए। एक एनजीओ के द्वारा दायर पीएल को इसी भावार्थ के साथ खारिज कर दिया गया था। वैसे भी हमारा दायित्व हो जाता है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम थोड़ा सा समय निकाल कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पांच साल में एक बार मिलने वाले अवसर को नकारात्मक सोच या गैरजिम्मेदारी से खो देना किसी भी हालात में उचित नहीं माना जा सकता।

लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करना किसी अक्षम्य अपराध से कम नहीं कहा जा सकता है। वर्तमान सिनेरियों में नोटा प्रयोग भी मंथन का विषय होना चाहिए। नोटा के प्रवधान को लेकर पक्ष विपक्ष में अनेक तर्क दिए जा सकते हैं पर समय आ गया है कि उस पर बड़ी बहस हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किये जाये। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मतदान को लेकर की गई टिप्पणी भी इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि यदि हम मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो फिर सरकार के खिलाफ किसी तरह की ग्रिवेंस करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। सजग व जिम्मेदार नागरिक के रुप में प्रत्येक मतदाता का दायित्व हो जाता है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। अब तो निर्वाचन आयोग ने मतदान सुविधाजनक भी बना दिया है। बुजुर्ग व दिव्याग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया हैं वहीं मतदाताओं के लिए जागरुकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव तिथियों की घोषणा करते समय साफ कर दिया कि आयोग चार एम पर प्रभावी कार्यवाही करने को प्रतिवद्ध है और उसकी सूक्ष्म मोनेटरिंग की जा रही है।

भले ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ईवीएम में नोटा यानी कि नन ऑफ द अवोव का प्रावधान कर दिया गया हो पर एक जागरुक व जिम्मेदार मतदाता के लिए नोटा के प्रयोग को समझदारी भरा निर्णय नही माना जा सकता। कारण साफ है नोटा का बटन दबाकर अपनी भावना तो व्यक्त कर सकते हैं पर उसका इस मायने में कोई अर्थ नहीं रहता कि किसी की जीत हार में उसका असर नहीं पडता। नोटा के प्रयोग के स्थान पर उपलब्ध विकल्पों में से ही किसी एक को चुनना ज्यादा बेहतर माना जा सकता है। हांलाकि एक समय था जब कई बूथों पर विरोध स्वरुप मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय कर लिया जाता था या फिर लोगों द्वारा उपलब्ध उम्मीद्वारों में किसी को भी मत देने योग्य नहीं समझने के कारण विरोध का मत यानी कि नोटा के प्रयोग की

लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करना किसी अक्षम्य अपराध से कम नहीं कहा जा सकता है।

मांग की जाती रही। नोटा का परिणाम प्रभावी तरीके से राइट टू रिजेक्ट होता तो अधिक कारगर होता। तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में उसकी कारगरता के अभाव के कारण नोटा के प्रावधान को हटाया जा चुका है। यों कहे कि कई देषों में नोटा के प्रावधानों को कारगर नहीं पाने के कारण हटा दिया गया है। अमेरिका की ही बात करें तो वहां नोटा का प्रावधान रहा है पर 2000 आते आते उसे हटा दिया गया। इसी तरह से रुस ने 2006 और पाकिस्तान में 2013 में नोटा प्रावधान को हटाया जा चुका है। देश के प्रबुद्ध नागरिकों, वुद्धिजीवियों, राजनीतिक विश्लेषकों, कानूनविद् को नोटा को लेकर गंभीर बहस छेड़नी होगी जिससे नोटा को वास्तव में चुनावों में हथियार के रुप में उपयोग किया जा सके। आज की तारीख में बात करें तो नोटा केवल और केवल आपके विरोध को दर्ज कराने तक ही सीमित माना जा सकता है।

पहले चरण के मतदान के दौरान देश के कई हिस्सों में कई मतदान केन्द्रों पर मतदान का बहिष्कार के समाचार भी देखने सुनने को मिले। यह भी अपने आप में सही विकल्प नहीं कहा जा सकता। आखिर मतदान का बहिष्कार कर हम अपना ही नुकसान कर रहे हैं। बहिष्कार से कुछ हासिल होना नहीं है। बल्कि आप जिस किसी से भी नाराज है तो उसके खिलाफ मतदान कर अपनी बात को रख सकते हैं। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या नोटा का प्रयोग के स्थान पर मतदान अवश्य करना चाहिए। पहले चरण के कम मतदान को लेकर यह कहा जा रहा है कि गर्मी तेज थी, जागरुकता का अभाव, शादी विवाह होना या मुद्दों का ना होना जैसी बात की जा रही है पर यह सब बहाने निरर्थक है। मतदान केन्द्र कुछ ही दूरी पर है तो जागरुकता की जिम्मेदारी हमारी है। चुनाव आयोग लगातार जागरुक करने के साथ ही अब तो राजनीतिक दलों पर निर्भरता भी पूरी तरह से समाप्त कर दी है। शादी विवाह होने के बावजूद हमें समय निकाल कर मतदान तो करना ही चाहिए।

एक दूसरी बात और जिस पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। आजादी के 75 साल बाद और दुनिया की सबसे बेहतरीन चुनाव व्यवस्था के बावजूद मतदान प्रतिशत 90 से 100 प्रतिशत के आंकड़े को नहीं छूना चिंता का विषय है। आज हालात बदल चुके हैं। कोई भी किसी को मतदान के अधिकार से जोर जबरदस्ती या अन्य कारण से रोक नहीं सकता। भारतीय चुनाव आयेग की निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था को सारी दुनिया द्वारा सराहा जाता है और लोहा मानते हैं। इस सबके बावजूद मतदान का प्रतिशत कम होना गंभीर है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या मतदान नहीं करना जिम्मेदार मतदाता का काम नहीं हो सकता। पांच साल में एक बार आने वाले इस अवसर का उपयोग सकारात्मक सोच व उपलब्ध विकल्पों के आधार पर ही बेहतर तरीके से किया जा सकता है। इसलिए मतदान को अपना कर्तव्य समझ कर घर से बाहर निकलें और मताधिकार का उपयोग अवश्य करें यह सभी मतदाताओं के दिलोदिमाग में होना चाहिए। गैरसरकारी संगठनों व मीडिया को भी इसके लिए आगे आना चाहिए ताकि हम कह सके कि यह सरकार कम मतदान प्रतिशत के आधार पर चुनी हुई नहीं हैं। जिस तरह से रोजमर्रा के काम जरुरी है उसी तरह से हमें मतदान को समझना होगा और बाकी 26 अप्रेल और इसके बाद के चरणों के मतदान पर्व को पर्व की तरह ही मनाना होगा।

अल्ट्रावॉयलेट F77 Mach 2 में हुए हैं ये 5 बड़े बदलाव, जानिए पहले से कितनी अलग

परिवहन विशेष न्यूज

Ultraviolette पहले की तरह ही F77 को 3 परसोना में पेश करेगी जिसमें एयरस्ट्राइक लेजर और शैडो शामिल है। शैडो को स्टील्थ ग्रे एस्टेरॉयड ग्रे और कॉस्मिक ग्रे पेंट स्कीम में पेश किया जाएगा। Ultraviolette F77 Mach 2 को पावर और टॉर्क के आंकड़ों में थोड़ी बढ़त हासिल हुई है। Ultraviolette F77 Mach 2 की अब शुरुआती कीमत 2.99 लाख रुपये एक्स-शोरूम है।

नई दिल्ली। Ultraviolette को देश की सबसे तेज-तर्रार Electric Bike बनाने के लिए जाना जाता है। ब्रांड ने हाल ही में अपडेटेड Ultraviolette F77 को लॉन्च किया है, जिसे F77 Mach 2 नाम दिया गया है। इंडियन मार्केट इसे कुल 2 वेरिएंट में बेचा जाएगा। आइए, जान लेते हैं कि इसमें पहले से क्या कुछ नया है।

नया कलर

Ultraviolette पहले की तरह ही F77 को 3 परसोना में पेश करेगी, जिसमें एयरस्ट्राइक, लेजर और शैडो शामिल है। शैडो को स्टील्थ ग्रे, एस्टेरॉयड ग्रे और कॉस्मिक ग्रे पेंट स्कीम में पेश किया जाएगा। वहीं, लेजर को प्लाज्मा रेड, टर्बो रेड और आफ्टरबर्नर येलो कलर मिला है। एयरस्ट्राइक को स्टेलर व्हाइट, सुपरसोनिक सिल्वर और लाइटनिंग ब्लू के साथ पेश किया गया है।

परफॉरमेंस

Ultraviolette F77 Mach 2 को पावर और टॉर्क के आंकड़ों में थोड़ी बढ़त हासिल हुई है। पावर आउटपुट अब 40 बीएचपी है, जबकि टॉर्क आउटपुट 100 एनएम है। इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल 3 राइडिंग मोड्स - ग्लाइड, कॉम्बैट और बैलिस्टिक के साथ आती रहेगी। यह 2.8 सेकंड में 0-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है।

चार्जिंग और रेंज

बैटरी पैक 10.3 kWh यूनिट है, लेकिन अब स्टैंडर्ड और रिकॉन वर्जन को 211 किमी और 323 किमी की आईडीसी-क्लेम्ड रेंज मिलती है। कंपनी इसके लिए एक स्टैंडर्ड चार्जर और एक बूस्ट चार्जर देती है। इसमें एक सुपरनोवा चार्जर भी है, जो केवल एक घंटे में बैटरी पैक को 20 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक चार्ज कर सकता है।

किफायती दाम

Ultraviolette F77 Mach 2 की अब शुरुआती कीमत 2.99 लाख रुपये एक्स-शोरूम है, जबकि F77 Mach 2 Recon की शुरुआती कीमत 3.99 लाख रुपये एक्स-शोरूम है। आपको बता दें कि ये इंट्रोडक्टरी प्राइस हैं और केवल पहले 1,000 ग्राहकों के लिए ही लागू होंगे। आप इसे 5000 रुपये देकर बुक कर सकते हैं।

Violette AI

Ultraviolette ने नए लॉन्च के साथ Violette AI को भी इंट्रोड्यूस किया है। इसमें मूवमेंट, फॉल और टोइंग अलर्ट, रिमोट लॉकडाउन, क्रैश अलर्ट, डेली राइड स्टैट्स और एक एंटी-कोलिजन वार्निंग सिस्टम जैसे फीचर्स मिलते हैं। ये फीचर्स मोबाइल एप्लिकेशन के साथ मिलकर भी काम करते हैं।

Performance Pack

अल्ट्रावायलेट ने एक नया परफॉर्मेंस पैक पेश किया है। इसमें डायनेमिक रीजन और ट्रैक्शन कंट्रोल शामिल है। इसे रीजन मोड के लिए टेन लेवल और ट्रैक्शन कंट्रोल के लिए 4 लेवल दिए गए हैं। कंपनी की ओर से पहले 1,000 ग्राहकों को बिना किसी अतिरिक्त लागत के परफॉर्मेंस पैक मिलेगा।

हुंडई क्रेटा की मुश्किलें बढ़ाने आ रही हैं ये 2 नई एसयूवी! यहां जानिए लॉन्च डिटेल्स

Citroen का C3 Aircross के बाद Hyundai Creta को टक्कर देने के लिए एक नई एसयूवी लॉन्च करने का प्लान है। इस कूप-एसयूवी को विशेष रूप से दक्षिण अफ्रीकी और भारतीय बाजार के लिए विकसित किया गया है। Tata Curvv को आखिरी बार भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 में इसके प्रोडक्शन-रेडी वर्जन में देखा गया था। टाटा कर्व को 2024 के मध्य में लॉन्च किया जाना है।

परिवहन विशेष न्यूज

नई दिल्ली। भारतीय ऑटोमोटिव बाजार में मिड साइज एसयूवी सेगमेंट सबसे आगे है। इस सेगमेंट की गाड़ियों की सबसे ज्यादा मांग है और इस वजह से यहां कंपटीशन भी बढ़ गया है। कोरियन कार कंपनी Hyundai की Creta SUV मौजूदा समय में सेगमेंट लीडर बनी हुई है। इसे टक्कर देने के लिए जल्द ही इंडियन मार्केट में दो नई एसयूवी एंट्री मारने वाली हैं। आइए, इनके बारे में जान लेते हैं।

Tata Curvv

Tata Curvv को आखिरी बार भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 में इसके प्रोडक्शन-रेडी वर्जन में देखा गया था। टाटा कर्व को 2024 के मध्य में लॉन्च किया जाना है। ऑल-इलेक्ट्रिक कर्व के बाद इसका पारंपरिक रूप से संचालित पेट्रोल/डीजल संस्करण भी पेश किया जाएगा। कर्व के एक्सटीरियर डिजाइन में एक परिचित फ्रंट फेसिया, फ्लश डोर हैंडल, 18 इंच अलॉय व्हील और एक कूपे रूफ होगी।

फीचर्स की बात करें, तो इसे इल्युमिनेटेड टाटा लोगो के साथ फोर-स्पोक स्टीयरिंग व्हील, फ्री-स्टैंडिंग 12.3-इंच इंफोटेनमेंट सिस्टम, 10.25-इंच पूरी तरह से डिजिटल इंस्ट्रूमेंट कंसोल और वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स दी जाएंगी।

Citroen Basalt Coupe-SUV

Citroen का C3 Aircross के बाद Hyundai Creta को टक्कर देने के लिए एक नई एसयूवी लॉन्च करने का प्लान है। इस कूप-एसयूवी को विशेष रूप से दक्षिण अफ्रीकी और भारतीय बाजार के लिए विकसित किया गया है। हाल ही में सिट्रोएन बेसाल्ट विजन कॉन्सेप्ट का प्रोडक्शन-रेडी वर्जन सामने आया था। 2024 की दूसरी छमाही में घरेलू बाजार में लॉन्च के लिए निर्धारित, क्रेटा प्रतिद्वंद्वी कूप-एसयूवी को देश में संभवतः C3X नाम दिया जाएगा।

सी3 एयरक्रॉस के समान प्लेटफॉर्म पर आधारित, यह 1.2 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन द्वारा संचालित होगी, जो 110 बीएचपी और 205 एनएम का पीक टॉर्क उत्पन्न करेगा। 6-स्पीड मैनुअल के अलावा, ऑफर पर टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक गियरबॉक्स भी होगा। सिट्रोएन बेसाल्ट कूप-एसयूवी घरेलू बाजार में आने वाली टाटा कर्व को टक्कर देगी।

पाक ऑटो इंडस्ट्री धड़ाम! पड़ोसी मुल्क ने महीने भर में बेची जितनी गाड़ियां, भारतीयों ने उतनी एक दिन में खरीद डालीं



परिवहन विशेष न्यूज

पाकिस्तान ऑटोमोटिव मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन(PAMA) द्वारा साझा किए गए मासिक बिक्री आंकड़ों के अनुसार मार्च 2024 में देश में यात्री वाहन की बिक्री 7672 यूनिट रही जो पिछले साल इसी महीने में बेची गई गाड़ियों की तुलना में 6.1 प्रतिशत कम है। वैसे तो पाकिस्तान की भारत से कोई तुलना ही नहीं फिर भी अगर आंकड़ो की बात करें तो दोनों में धरती और आसमान का अंतर है।

नई दिल्ली। पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति लगातार बद से बदतर होती होती जा रही है। पाकिस्तान ऑटोमोटिव मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन(PAMA) द्वारा साझा किए गए मासिक बिक्री आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2024 में देश में यात्री वाहन की बिक्री 7,672 यूनिट रही, जो पिछले साल इसी महीने में बेची गई गाड़ियों की तुलना में 6.1 प्रतिशत कम है।

खस्ताहाल हुई पाक ऑटो इंडस्ट्री

जहां दुनिया भर में ऑटोमोटिव उद्योग बढ़ती इनपुट लागत, समग्र मुद्रास्फीति से जूझ रहे हैं, वहीं पाकिस्तानी खरीदारों के पास हाल ही में अर्थव्यवस्था की खराब स्थिति, मुद्रा में गिरावट और वाहन खरीद पर भारी टैक्स वसूलने जैसी चुनौतियां भी हैं। इसके अलावा लोगों को गाड़ी खरीदने पर आसानी से लोन भी नहीं मिल पा रहा है।

इंडियन कार मार्केट पूरी तरह से गुलजार है। वैसे तो पाकिस्तान की भारत से कोई तुलना ही नहीं, फिर भी अगर आंकड़ो की बात करें तो दोनों में धरती और आसमान का अंतर है। इंडियन ऑटो मार्केट में केवल 24 मार्च को ही 3.69 लाख से अधिक कारें बेची गईं।

भारत और पाक में धरती-आसमान का अंतर

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (SIAM) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2023 में पिछले साल इसी महीने में बेची गई 3,35,976 यूनिट्स की तुलना में 10 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि दर्ज की गई है।

धीरे-धीरे कारोबार समेट रही कंपनियां

यह स्पष्ट है कि दक्षिणी एशिया क्षेत्र में ऑटोमोटिव निर्माताओं के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है और पाकिस्तान उभरती गतिशीलता के साथ तालमेल बिठाने के लिए संघर्ष कर रहा है। दरअसल, कई प्रमुख निर्माताओं ने पहले ही देश में अपना परिचालन बंद कर दिया है, जबकि ऐसी अफवाह है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो अन्य लोग बाहर निकलने पर विचार कर रहे हैं।

कार टिप्स : इन चार गलतियों से कम हो सकती है आपकी इलेक्ट्रिक कार की रेंज, जानें डिटेल

परिवहन विशेष न्यूज

भारत सहित दुनियाभर में Electric Car को काफी ज्यादा पसंद किया जाता है। देश में भी कई कंपनियों की ओर से बेहतर फीचर्स और रेंज के साथ ईवी को ऑफर किया जाता है। अगर आप भी इलेक्ट्रिक कार की सवारी करते हैं और गाड़ी की Range बेहतर है तो किन चार गलतियों (Car Tips) को करने से बचना चाहिए। आइए जानते हैं।

नई दिल्ली। बाजार में इलेक्ट्रिक कारों की काफी मांग रहती है। कई कंपनियों की ओर से ज्यादा रेंज के साथ Electric Cars को ऑफर भी किया जाता है। लेकिन अगर आपकी EV भी बेहतर Range ऑफर करती है, तो किन चार गलतियों के कारण रेंज कम होने का खतरा बढ़ जाता है। हम इसकी जानकारी आपको इस खबर में दे रहे हैं।

तेज स्पीड से कम होगी रेंज

Electric Car से बेहतर Range लेने का सबसे आसान तरीका है कि गाड़ी को हमेशा नियंत्रित स्पीड में ही चलाना चाहिए। अगर कार को तेज स्पीड में चलाया जाता है तो इससे रेंज कम होने लगती है। लंबे समय तक ऐसे ही गाड़ी के उपयोग के कारण बैटरी को नुकसान भी होता है और बैटरी जल्दी ड्रेन होने लगती है। इसके साथ ही मोटर पर भी बुरा असर होता है और उसमें भी खराबी का खतरा बढ़ जाता है।

ज्यादा सामान के साथ न करें सफर

अगर आप इलेक्ट्रिक कार चलाते हैं और उससे बेहतर रेंज आपको मिलती है, तो कभी भी आपको क्षमता से ज्यादा सामान के साथ सफर नहीं करना चाहिए। कई बार लोग अपनी इलेक्ट्रिक कार में क्षमता से ज्यादा सामान रखते हैं या फिर कई बार क्षमता से ज्यादा यात्रियों के साथ भी सफर किया जाता है। जिससे रेंज कम होने लगती है।

पूरी बैटरी का न करें उपयोग

इलेक्ट्रिक कार में कभी भी बैटरी को पूरा उपयोग में नहीं लाना चाहिए। हमेशा कोशिश करनी चाहिए कि गाड़ी में जब बैटरी 10 से 20 फीसदी तक रह जाए तो उसे चार्ज करना चाहिए। ऐसा करने से बैटरी की रेंज को बरकरार रखने में मदद मिलती है। लेकिन अगर इसे बार-बार चार्ज किया जाए तो भी बैटरी को नुकसान होता है और रेंज में कमी आने लगती है।

न करें फास्ट चार्जर का उपयोग

इलेक्ट्रिक कार में अगर आप लगातार फास्ट चार्जर का उपयोग करते हैं, तो भी यह लंबे समय में बैटरी को काफी ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। ऐसा करने से कार चलाने पर बैटरी की क्षमता प्रभावित होती है और इसका नतीजा यह होता है कि बैटरी की रेंज कम होने लगती है। कोशिश करें कि इलेक्ट्रिक कार को ज्यादा से ज्यादा सामान्य चार्जर से चार्ज करें। इससे बैटरी की उम्र लंबी और रेंज बरकरार रखी जा सकती है।

गुरु, गोविंद दोऊ खड़े

स्पिरिचुअल हीलर
सिद्धगुरु प्रमोद जी

संत कबीर का प्रसिद्ध दोहा : 'गुरू, गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पांय, बलिहारी गुरू आपने, जिन गोविंद दियो बताय', हम सबने सुन रखा है। पंद्रहवीं शताब्दी के महान कवि और संत कबीर जी के सधुक्कड़ी एवं पंचमेल की खिचड़ी में रचे दोहे जनमानस में लोकप्रिय तो हैं ही, प्रेरणा का बड़ा स्रोत भी हैं। संत कबीर ने हर धर्म और वर्ग को सीख दी है।



हम कोई एक रास्ता चुनते हैं, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि बाकी रास्ते गलत हैं। हम किसी एक देश के किसी एक राज्य के किसी एक शहर के किसी एक परिवार में जन्म लेते हैं। उस देश के उस राज्य के उस शहर के उस परिवार की मान्यताएं हमें प्रभावित करती हैं, इसलिए हम अध्यात्म का या परमात्मा का कोई एक रास्ता चुन लेते हैं। इसी तरह हर दूसरा व्यक्ति अपने देश, काल, समाज और परिवार की मान्यताओं के अनुसार कोई और रास्ता चुन लेता है। तो स्पष्ट है कि सभी रास्ते परमात्मा तक पहुंचने के लिए हैं, और सभी रास्ते सही हैं। हर सच्चा गुरु यही सिखाता है क्योंकि यही सच भी है'

संत कबीर का प्रसिद्ध दोहा : 'गुरू, गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पांय, बलिहारी गुरू आपने, जिन गोविंद दियो बताय', हम सबने सुन रखा है। पंद्रहवीं शताब्दी के महान कवि और संत कबीर जी के सधुक्कड़ी एवं पंचमेल की खिचड़ी में रचे दोहे जनमानस में लोकप्रिय तो हैं ही, प्रेरणा का बड़ा स्रोत भी हैं। संत कबीर ने हर धर्म और वर्ग को सीख दी है। वे एक ऐसे संत थे जिन्होंने दिखावे के फालतू कर्मकांड को नकारा और सहज जीवन की व्याख्या की। गुरू की महत्ता पर उन्होंने कई दोहे रचे। अपने सर्वाधिक लोकप्रिय और प्रचलित दोहे में उन्होंने गुरू को नमन करते हुए कहा कि अगर गुरू और भगवान दोनों साथ-साथ खड़े हों तो मैं पहले गुरू को नमन करूंगा क्योंकि भगवान तक पहुंचने का रास्ता गुरू ने ही दिखाया है। गुरू की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए संत कबीर ने कहा कि 'गुरू बिन ज्ञान न ऊपजै, गुरू बिन मिलै न मोष, गुरू बिन लखै न सत्य को, गुरू बिन मिटै न दोष', यानी बिना गुरू के ज्ञान का मिलना असम्भव है। तब तक मनुष्य अज्ञान रूपी अंधकार में भटकता हुआ मायारूपी सांसारिक बन्धनों में जकड़ा रहता है जब तक कि गुरू की कृपा प्राप्त नहीं होती। मोक्ष रूपी मार्ग दिखलाने वाले गुरू हैं। बिना गुरू के सत्य एवं असत्य का ज्ञान नहीं होता, उचित और अनुचित के भेद का ज्ञान नहीं होता, फिर मोक्ष कैसे प्राप्त होगा? अतः गुरू की शरण में जाओ, गुरू ही सच्ची राह दिखाएंगे। इतना ही नहीं, संत कबीर ने यह भी कहा कि गुरू और पारस के अंतर को सभी ज्ञानी पुरुष जानते हैं, पारस मणि के विषय में जग विख्यात है कि उसके स्पर्श से लोहा भी सोना बन जाता है, किन्तु गुरू तो इतने महान हैं कि अपने गुण-ज्ञान में ढालकर शिष्य को अपने जैसा ही महान बना लेते हैं। 'गुरू पारस को अन्तरो, जानत हैं सब संत, वह लोहा कंचन करे, ये करि लेय महंत', में संत कबीर ने यही कहा है।

स्पष्ट है कि किसी समर्थ गुरू के मार्गदर्शन के बिना आध्यात्मिक जगत में जाने का इच्छुक व्यक्ति यूं ही गोल-गोल घूमता रह सकता है। गुरू ही सीधा और सरल मार्ग दिखा सकते हैं। संतों की महिमा इसीलिए है, जिसे हर धर्म ने स्वीकार किया है। परेशानी इसके बाद हुई जब गुरू को ही भगवान मान लिया गया। गुरू के नाम की माला पहन ली गई, गुरू की आरती शुरू हो गई और भगवान बिसर गए। कबीर दास जी ने जब 'काके लागूं पांय' कहा तो सिर्फ ये समझाना चाहा कि गुरू के बिना ज्ञान नहीं मिलता, लेकिन ज्ञान तो परमात्मा का मिलता है न? फिर परमात्मा की महत्ता कम कैसे हो गई? गुरू, सिर्फ गुरू है, गोविंद नहीं, राह तो गोविंद तक जाने की है, परमात्मा तक जाने की है। गुरू भगवान नहीं है। गुरू नानक देव जी ने हर जगह राम-राम जपा है। दसों गुरुओं ने राम के गुण गाए हैं, अपने नहीं। संत रविदास ने राम के गुण गाए हैं, अपने नहीं। बाकी संतों ने भी परमात्मा के ध्यान की बात कही है, किसी भी सच्चे गुरू ने कभी नहीं कहा कि मुझे पूजो। किसी भी सच्चे गुरू ने कभी नहीं कहा कि भगवान को छोडक़र मेरी माला जपो। 'सहज संन्यास मिशन' में भी हम यही कहते हैं कि कोई गुरू आपको अध्यात्म की सीढियां चढना तो सिखा सकता है, पर वह आपका कोच है, आपका ट्रेनर है, आपका मैंटॉर है, और हम सब भगवान का प्रतिरूप हैं, इस रूप में गुरू भी भगवान है, पर भगवान का विकल्प नहीं है, परमात्मा का सब्स्टीट्यूट नहीं है। हम फिर सिर्फ गुरू को ही भगवान मानकर नहीं पूजते, बल्कि इस ब्रह्मांड की हर जड़-चेतन वस्तु में भगवान के दर्शन करते हैं। हर धर्म की तरह 'सहज संन्यास मिशन' की भी यही मान्यता है कि परमात्मा को हम किसी भी नाम से पुकारें, या किसी भी रूप में पहचानें, परमात्मा एक ही है और इसी एक कारण से घट-घट में है, सर्वव्यापी है कि हर जड़-चेतन वस्तु उसी एक ऊर्जा का प्रतिरूप है। खुद परमात्मा भी इसी रूप में अभिव्यक्त है।

परमात्मा को पाने के लिए किसी पूजा-स्थल की आवश्यकता नहीं है, किसी मूर्ति की आवश्यकता नहीं है। मैं परमात्मा का प्रतिरूप हूं, मैं खुद ही परमात्मा हूं, अहम्ब्रह्मास्मि! पर, इस सच को शायद हम खुद न समझ पाते, गुरू ने हमें इस सच से परिचित करवाया, गुरू का शुक्रिया। हम गुरू के ऋणी हैं, हम गुरू का सत्कार करते हैं, हम गुरू के मार्गदर्शन के लिए उनके अनुगृहीत हैं, पर हम परमात्मा को छोडक़र सिर्फ गुरू में ही भगवान देखेंगे तो हमने खुद को सीमित कर लिया, खुद को एक और दायरे में बांध लिया। अध्यात्म हमें किसी दायरे में नहीं बांधता, किसी बंधन में नहीं जकड़ता, किसी पिंजरे में बंद नहीं करता। अध्यात्म तो स्वतंत्रता का दूसरा नाम है। घट-घट में भगवान का यही अर्थ है कि हम सब परमात्मा का प्रतिरूप हैं, हम सबमें परमात्मा है, वह किसी एक मूर्ति, किसी एक ग्रंथ, या किसी एक व्यक्ति जितना छोटा नहीं है। यही कारण है कि परमात्मा की पूजा के लिए किसी बाहरी प्रतीक पर निर्भर रहने के बजाय जब हम अंदर की यात्रा शुरू करते हैं तो आध्यात्मिक हो जाते हैं और परमात्मा का सान्निध्य नित्य की बात हो जाती है। यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि पूजा सिर्फ तभी पूजा है जब हम प्रेममय हो जाते हैं, देश, धर्म, जाति, लिंग, क्षेत्र की बात छोडक़र हर व्यक्ति से प्रेम करने लगते हैं, बिना कारण प्रेम करने लगते हैं, और व्यक्ति से ही नहीं, हर वस्तु से प्रेम करने लगते हैं, हर जड़-चेतन जीवन का सम्मान करने लगते हैं, बिना कारण, बिना लालच, बिना किसी डर के।

यह जीवनशैली अपना लें तो मन हमेशा प्रसन्न-प्रफुल्लित रहता है। जब हम प्रेममय हो जाते हैं तो शिकायतें खत्म हो जाती हैं, किसी बात का गिला नहीं रह जाता, क्रोध नहीं रह जाता, पछतावा नहीं रह जाता, इन सबकी जगह कृतज्ञता का भाव आ जाता है, समर्पण का भाव आ जाता है, सेवा का भाव आ जाता है। इस तरह हम अध्यात्म की कई सीढियां चढ़ जाते हैं। हम आध्यात्मिक होते हैं तो ब्रह्मांड से जुड़ जाते हैं, परमात्मा से जुड़ जाते हैं। परमात्मा को हम किसी भी नाम से पुकारें, किसी भी रूप में देखें, किसी भी रूप में महसूस करें, पर परमात्मा सिर्फ एक है, लेकिन परमात्मा तक पहुंचने के कई रास्ते हैं। हम कोई एक रास्ता चुनते हैं, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि बाकी रास्ते गलत हैं। हम किसी एक देश के किसी एक राज्य के किसी एक शहर के किसी एक परिवार में जन्म लेते हैं। उस देश के उस राज्य के उस शहर के उस परिवार की मान्यताएं हमें प्रभावित करती हैं, इसलिए हम अध्यात्म का या परमात्मा का कोई एक रास्ता चुन लेते हैं। इसी तरह हर दूसरा व्यक्ति अपने देश, काल, समाज और परिवार की मान्यताओं के अनुसार कोई और रास्ता चुन लेता है। तो स्पष्ट है कि सभी रास्ते परमात्मा तक पहुंचने के लिए हैं, और सभी रास्ते सही हैं। हर सच्चा गुरू यही सिखाता है क्योंकि यही सच भी है।

गिन्नीज विश्व रिकार्ड विजेता लेखक

संपादक की कलम से

क्यों बदल गए प्रधानमंत्री

यह लोकसभा का चुनाव है, नकि किसी धार्मिक संस्थान के लिए चुनाव कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी को सांप्रदायिक बयान देने को बाध्य होना पड़ा, उसकी उलट प्रतिक्रिया में करीब 2000 शिकायतें चुनाव आयोग को भेजी गई हैं। कांग्रेस ने जो 17 शिकायतें की हैं, वे इनसे भिन्न हैं। प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर आयोग क्या निर्णय लेता है, उससे उसकी निष्पक्षता और विश्वसनीयता जुड़ी है। 2019 के आम चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ 6 शिकायतें दर्ज की गई थीं, लेकिन चुनाव आयोग ने उन्हें 'क्लीन चिट' दे दी। इस पर चुनाव आयोग की तीखी आलोचना की गई थी। हालांकि मतदान और मतदाता से जुड़े 'भारतीय जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951' में ऐसी धाराएं भी हैं, जिनके तहत ऐसी शिकायतों पर दंडनीय कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन हमारी व्यवस्था 'दंतहीन' है। आज एक बार फिर मुख्य चुनाव आयुक्त रहे टीएन शेषन की याद आ रही है, जिन्होंने साबित कर दिया था कि चुनाव आयोग के पास हथियार, अधिकार और पैने दांत भी हैं। वह सत्ता-पक्ष का 'पायदान' नहीं है। बहरहाल इन शिकायतों के निपटारे से अहम देश के प्रधानमंत्री का व्यक्तित्व है। वह समूचे राष्ट्र के हैं, तो सभी धर्मों, संप्रदायों, नस्लों, मतों, लिंगों और भाषाओं के भी हैं। बेशक उनका निजी धर्म और आस्था हिंदुत्व से जुड़ा है, लेकिन जब वह देश को संबोधित कर रहे होंगे या आह्वान कर रहे होंगे, तो वह पूरी तरह धर्मनिरपेक्ष होंगे। प्रधानमंत्री किसी एक धर्म के प्रचारक या समर्थक नहीं हो सकते। दरअसल प्रथम चरण के कम मतदान के बाद प्रधानमंत्री मोदी की जुबां, भाषा, आह्वान और तेवर बदल गए हैं। आजकल प्रधानमंत्री राम मंदिर, काशी और ब्रज, रामनवमी, हनुमान चालीसा, मंगलसूत्र और हिंदू बनाम मुसलमान के मुद्दों पर वोट मांग रहे हैं। अलबत्ता प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 10-साला कार्यकाल के दौरान अधिकतर विकास, 5वीं से तीसरी वैश्विक अर्थव्यवस्था और अंततः 2047 तक 'विकसित भारत' की बात कही है। दुनिया में भारत की हैसियत की व्याख्याएं की हैं। इस बार 2024 का जनादेश वह 'विकसित भारत' का संकल्प हासिल करने की रूपरेखा तैयार करने के लिए मांग रहे हैं। अचानक यह बदलाव क्यों आया कि देश के प्रधानमंत्री राम नाम, श्रीकृष्ण जन्मभूमि और हनुमान चालीसा की चिंता करने लगे हैं और देश की करीब 15 फीसदी मुस्लिम आबादी को 'घुसपैठिया' करार देने लगे हैं। क्या प्रधानमंत्री भाजपा के कट्टर और सनातन मतदाता के समर्थन के लिए बदल रहे हैं? प्रधानमंत्री अर्थव्यवस्था, विकास दर, विश्व की आर्थिक महाशक्ति, विश्व का सबसे विशाल मैन्यूफैक्चरिंग हब, सेमीकंडक्टर चिप्स का निर्माता, विमान और हेलीकॉप्टर निर्माण में आत्मनिर्भरता, जी-20, जी-7, सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता आदि महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दों को या तो भूल गए हैं अथवा नेपथ्य में डाल दिया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस, नल में जल, शौचालय, जन-धन खाते, बिजली, चमकदार राजमार्गों, विश्वकर्मा योजना, कौशल विकास, 220 करोड़ मुफ्त कोरोना टीकों आदि का जिक्र भी बहुत कम करते हैं। ऐसा लगता है मानो किसी ने 'दहशत का बटन' दबा दिया है और प्रधानमंत्री को हिंदुत्व पर ज्यादा आक्रामक होना पड़ा है।

शायद प्रधानमंत्री को एहसास हो गया है कि विकास और बढ़ोतरी के मुद्दे पर वोट कम मिलेंगे तथा आक्रामक धार्मिकता से ध्रुवीकरण होगा और बहुसंख्यकों के बहुमत के वोट भाजपा-एनडीए के पक्ष में आएंगे! प्रथम चरण के मतदान के ठोस संकेत, अपने-अपने माध्यमों से, मिल चुके हैं। भाजपा अब भी दौड़ में सबसे आगे है। कई सीटों पर मुकाबले बेहद कांटेदार हैं। अलबत्ता भाजपा के चेहरे से 400 पार की खुशी कुछ गायब लग रही है। मोदी-विरोधी लहर की खुशी विपक्ष के चेहरों पर भी मद्धिम पड़ गई है। मतदान अब भी कम हो सकता है, क्योंकि दूसरे चरण की जिन 89 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होना है, उसमें कमोबेश 30 सीटों पर गरम लू का मौसम होगा। क

राय

ढर्रे में मशगूल कब तक

हिमाचली नजरिए के सूत्रधार हर चुनाव को पुकारते हैं, लेकिन बहुत कम ऐसे चेहरे हैं जिन्हें मुकम्मल जहां मिलता है। विधायक प्राथमिकताओं के अक्स में हमारे प्रतिनिधि उन्हीं घिसे-पिटे मंतव्यों के पीछे भागते हुए नजर आते हैं। वर्षों बाद भी हम पर्यटन की वकालत में सिर ढूंढते हैं, लेकिन यह नहीं सोच पाए कि इस क्षेत्र में अति अव्वल होने की प्राथमिकता क्या है। इसी तरह उद्योगों की धूल में बीबीएन को ढांप दिया, लेकिन हिमाचली युवा की क्षमता में धंधे शुरू नहीं कर पाए। स्वरोजगार या उद्यमशीलता के न पाठ्यक्रम और न ही प्रतिस्पर्धा पैदा हुई। नवाचार की काबिलीयत में हमारी उच्च शिक्षा या तकनीकी ज्ञान पहुंचा ही नहीं। ताज्जुब यह कि हमारे उच्चशिक्षित बच्चे चंडीगढ़, गुडग़ांव, मोहाली, नोएडा, दिल्ली, पुणे, हैदराबाद, मुंबई व बेंगलूर जैसे शहरों के आईटी क्षेत्र में सम्मानित स्थान और पगार पा रहे हैं, लेकिन हिमाचल की सियासत ने आज तक कोई आईटी पार्क स्थापित नहीं होने दिया। वैसे वर्तमान सरकार में कैबिनेट रैंक प्राप्त आईटी सलाहकार हैं, लेकिन उनके ही जिला का चैतड़ आईटी पार्क उपेक्षा की सूलियों पर टंगा है। हमारे भीतर राजनीतिक इच्छा शक्ति होती तो प्रदेश में कम से कम आधा दर्जन आईटी पार्क अब तक सॉफ्टवेयर ज्ञान को आसरा दे चुके होते। हमारे नेता कब से पारंपरिक मेलों को सियासी मेलों में परिवर्तित कर चुके हैं, लेकिन लोक कलाकार बेरोजगार बनकर खड़ा है।

अगर कायदे से मेलों, सांस्कृतिक समारोहों, पारंपरिक व धार्मिक त्योहारों का सही प्रबंधन करें, तो इससे पैदा होती आर्थिकी से लोक कलाओं और लोक कलाकार को प्रश्रय मिलता। हमारे विकास का राज्य स्तरीय नक्शा नहीं और न ही युवा क्षमता को रास्ता मिलता है। ऐसे में जो सफल हुए, उन्होंने देश-विदेश के ज्ञान से ही बहुत कुछ पाया, लेकिन सियासत निजी क्षेत्र को अपनाने से कतराती है। यह दीगर है कि बीबीएन के आसरे भी एक सियासत पनपती है और खड्डों की रेत को छानकर राजनीति की आलंबरदारी परवान चढ़ती है। काश! मतदाता नेताओं को उनके नजरिए पर तौलते। नजरिया किसी विधानसभा क्षेत्र में खुलने वाला बस डिपो, कालेज और कोई कार्यालय नहीं, बल्कि रोजगार की अधोसंरचना में किया गया प्रयास है। कभी हिमाचल का सेब आधारित उद्योग पूरे देश को जूस पिलाने लगा था, लेकिन अब सब उजड़ गया। ब्रांड हिमाचल के नाम पर आज भी भुट्टिको के मार्फत हमें एक हिमाचली टोपी, शाल व स्कार्फ मिल रहा है या स्वयं सहायता समूहों ने सिड्डू की खुशबू विदेशों तक फैला दी, वरना राजनीतिक लफ्फाजी ने हर संभावना को ताक पर रख दिया। ऐसे में सिने टूरिज्म को अगर राज्य अपना लेता तो प्रदेश की ब्रांडिंग में आर्थिक तरक्की के साथ लोक कलाकारों का भी प्रोफेशन आगे बढ़ जाता। पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने फिल्म सिटी की वकालत करते हुए जो संभावनाएं देखी हैं, उनको वर्षों से महसूस करके भी यह राज्य अपने ढर्रे में मशगूल है। ऐसा नहीं कि नीति नियंता फिल्म पॉलिसी तक नहीं पहुंचे, लेकिन इसकी फर्ज अदायगी खेल नीति की तरह हो गई। आश्चर्य यह कि जिस दिन कोई शुभ मुहूर्त निकलेगा, फिल्म सिटी को भी सियासी वकालत से कोई ढोएगा, वरना प्रदेश में गरली-परागपुर खुद में एक फिल्म सिटी की खूबियां लिए पहले से ही अपना दावा पुख्ता कर चुके हैं। प्रदेश के दोनों धरोहर गांव अगर फिल्म सिटी के प्रारूप में विकसित किए जाएं, तो यहां पड़ोसी राज्यों से भी मांग बढ़ेगी। यह इसलिए भी कि गरली-परागपुर के करीब पौंग जलाशय, हरिपुर-गुलेर-मसरूर, सुजानपुर एवं कांगड़ा किले की धरोहर, डलहौजी-चंबा, खजियार, मकलोडगंज, पालमपुर तथा मंडी-कुल्लू की दृश्यावलियां, चाय व फल बागान तथा सांस्कृतिक विरासत को ओढ़े कई चौगान व धार्मिक स्थल उपलब्ध हैं।

न्याय को भटकती आवाज

इस देश में एक साथ दो दुनिया बसती नजर आती हैं। एक वह दुनिया जिसमें सात बीस का सौ होता है, और दूसरी वह दुनिया जिससे आठ बीस का पचास भी नहीं होता। गलत नतीजा बता क्या हम ऐसी दुनिया की बात कर रह हैं, जिससे गणित पढना गुनाह है, या किसी उस दुनिया की बात जिसमें इतिहास के नाम पर भूगोल पढ़ा दिया जाता है। उसके बाद किसी फर्जी विश्वविद्यालय की उच्च डिग्री का दुमछल्ला लगा लो। भाषण करने लगो तो अपनी वक्तृता में दस बार अपने नाम का प्रयोग करने के बाद कहो, कि 'मैं तो बेचारा एक कार्यकर्ता हूं, आपकी जिंदगी सफल करने के लिए इस धरती पर आया हूं।' जी हां, जो ऊंचे प्रासादों से अवतरित होते हैं, उनके लिए कानूनों की आचार संहिता कुछ और, और इधर बेचारे फुटपाथियों के लिए कानून की सख्ती का कोई अंत नहीं। इस देश में हर व्यक्ति के लिए अलग-अलग कानून नहीं हो सकता। साब, हम आह भी भरें तो हो जाते हैं बदनाम, वह कत्ल भी करें तो शिकवा नहीं होता। लगता है ये कानून सदा से दो रुख वाले ही चलते आए हैं। क्या जिंदाबाद का नारा लगाने के बाद दो अलग वर्गों के लिए एक ही कानून हो जाएगा? यह कानून बड़े-छोटे का, ऊंचे-नीचे का फर्क नहीं करेगा। सबकी धान पसेटी एक ही भाव बिकेगी। लेकिन ऐसा कभी होना नहीं। ऐसी समता की मात्र उम्मीद की जा सकती है, ऐसी उम्मीद जो करने वाले भी अपने ऊंचे मंच पर खड़े होकर जनता जनार्दन को समझा सकें।

लेकिन मंच से बोलता हुआ आदमी ऊंचे स्वर में बोलता रहता है, और धरती पर छिटके हुए लोग गिड़गिड़ाते तक एक अंदाज से हैं। मंच से उतरे आदमी के पांव पखारते हैं, वह भी एक अंदाज से। उन्होंने कहा कि बड़े और छोटे का फर्क तो सदा से रहा है। भुखमरी सूचकांक को देख विज्ञ पुरुषों ने बताया, 'देखो-देखो अपने यहां भुखमरी से इतने नहीं मरे, जितनी उम्मीद थी।' आंकड़ों का खेल है, इसकी कलई मरोड़ दो, तो लगता है जब इतने लोग मरे ही नहीं, तो कैसे कह सकते हो देश बदहाल है, असमाजवादी है? अब इन टिप्पणियों का क्या करें? टिप्पणी करने वाले टिप्पणी करते रहते हैं, और फुटपाथ पर बरसों से पड़े आदमी जिंदाबाद का जयघोष करते हुए देश की तरक्की के जामिन हो जाते हैं।

अब ऐसी भी क्या विसंगति कि मरीजों की परिचर्चा करने वाले, उन्हें मौत के मुंह से बाहर निकाल लेने वाले सम्पदा व्यवसायी कहलाएं? भला ये लोग कमाई नहीं करेंगे तो ये अस्पताल दो मंजिलों से चार मंजिल कैसे बनेंगे? मंजिलें उठेंगी, तो रोगियों के लिए नए कमरे बनेंगे। जानते हो, देश में अत्यधिक जनसंख्या की समस्या है। अस्पतालों के भवन तरक्की नहीं करेंगे, तो लोगों की जान कैसे बचेगी? मानवता के इन पुजारियों को सम्पदा व्यवसायी न कहो। इन्होंने मेहनत का अधिक मूल्य ले लिया, प्राण बचाऊ औषधियों को काला बाजार में बेच दिया, तो उनकी मानवता की पूजा में कोई अंतर कैसे आ गया? देख लो यहां भी दो दुनिया हो गई। एक दुनिया में मानवता की पूजा के ताज बंटते हैं, और दूसरी में काले बाजार के शहजादे दनदनाते हैं। महामारी जब टल जाती है तो दोनों दुनिया एक जैसी नहीं हो जातीं क्या? रोग से बच निकलने के आंकड़े तो सबको एक जैसी खुशी दे जाते हैं। आओ, यह गरीब, अमीर का फर्क करना बंद कर दें। सदियों से गरीब, गरीब न रहे होते, तो शब्दकोष में सेवाभाव को इतना ऊंचा दर्जा कैसे मिलता? आज की दुनिया में तो जो जितने ऊंचे स्वर में चिल्लाता है, वही नैतिकता का बहुत बड़ा अलंबरदार बन जाता है। कुर्सियों पर जो बैठे हैं, वही तो पीढ़ी दर पीढ़ी नैतिकता, बलिदान और सच्चाई के पहरुए कहलाते हैं, अभिनंदित होते हैं, महिमामंडित होते हैं।

सुरेश सेठ

विचार

संस्कृतिविहीन और पथभ्रष्ट होता हिमाचली युवा

हिमाचल सरकार को भी चाहिए कि वह बैरकों और बटालियनों में तैनात पुलिस कर्मियों से कुछ जवानों को हिमाचल प्रदेश के सभी थानों में अटैच कर और उन्हें भीड़भाड़ वाले स्थानों में हथियारों सहित तैनात करे, ताकि स्थानीय नागरिकों एवं पर्यटकों में सुरक्षा का भरोसा जगाया जा सके। आप आम पब्लिक को रामभरोसे नहीं छोड़ सकते हैं, इसके लिए पुलिस थानों को संसाधनों से परिपूर्ण बनाना ही होगा'



हिमाचल प्रदेश ने विकास पथ पर 1948 से लेकर आज तक एक लंबा सफर तय किया है और उसका लाभ अनेकों क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षा साक्षरता के क्षेत्र में भी दर्ज हुआ है। आज हमारे हजारों युवक युवतियां जहां शिक्षा से प्राप्त ताकत के बलबूते भारत और विदेशों में अपनी प्रतिभा का डंका बजवा रहे हैं, तो वहीं कुछ युवाओं का रुझान शिक्षा में कम और आवारागर्दी में ज्यादा व्यतीत हो रहा है। पिछले कुछ वर्षों से हिमाचलियों की जीवनशैली और मानसिकता में काफी बदलाव आ चुके हैं। अब हिमाचली पहले वाले शांत, धीर गंभीर और धैर्यवान नहीं रहे हैं। भौतिकतावाद, अमीरी-गरीबी की बढ़ती खाई, नशे के बढ़ते प्रचलन और दिखावटी संस्कृति का प्रभाव हमारी युवा पीढ़ी पर भी पड़ा है। कई बिगड़ैल युवा अच्छी तरह से पढ़-लिखकर कुछ बनने की बजाय गलत संगत के चलते पहले पढ़ाई लिखाई से विमुख होकर फिर नशे के आदी बनकर और आवारागर्दी करते हुए अपनी युवावस्था के चुनिंदा बेहतरीन वर्षों को बर्बाद कर मानसिक अवसादग्रस्त होकर परिवारों और समाज के लिए एक नासूर बन चुके हैं। हिमाचल में अब रोजाना नशीले पदार्थों और मार-काट की खबरें आम हो गई हैं। ताजा घटनाक्रम में एक सिरफिरे युवक द्वारा पालमपुर के स्थानीय कन्या महाविद्यालय की छात्रा पर दराट से किया गया जानलेवा हमला सुर्खियों में है। घटना इतनी वीभत्स थी कि लडक़ा सीसीटीवी फुटेज में युवती पर लगभग एक दर्जन वार करता दिख रहा है। शुक्र है कि युवती की जान बच गई। इससे पहले शिमला के माल रोड इलाके में एक युवक की तेज धारदार हथियार से हत्या किए जाने का मामला सामने आया था। मृतक के परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

वहीं पालमपुर बस अड्डे के पास घटी घटना से लोगों में पुलिस के प्रति भारी रोष है। एक नागरिक सोशल मीडिया में लताड़ लगाते हुए लिखते हैं कि थोड़ी सी शर्म कर लो, पालमपुर पुलिस चालान काटने को हर मोड़ पर तैनात रहते है, लेकिन आम पब्लिक को सुरक्षा कौन मुहैया करवाएगा? घटना को लेकर अब युवतियों के अभिभावक भी चिंता में हैं। यह नितांत सत्य है कि आप हिमाचल के किसी भी महत्वपूर्ण स्थल या शहर में चले जाईये आपको पुलिस नाम की कोई व्यवस्था देखने को नहीं मिलेगी। सिर्फ बाजारों में ट्रैफिक व्यवस्था के लिए चंद कर्मी दिख जाएंगे, लेकिन हथियारबंद पुलिस सुरक्षाकर्मी कहीं नहीं दिखेंगे जिससे आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा जगे। थानों में पुलिस कर्मचारियों का नितांत अभाव है और अफसरशाही की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है कि वह क्या देख रही है? कार्रवाई करने और तफ्तीश करने वाले पुलिस कर्मियों पर काम का दबाव बढ़ गया है और पुलिस गश्त न के बराबर ही है। यह चिंता का विषय है कि कहीं कहीं लडक़ों के साथ लड़कियां भी नशे में धुत देखने को मिल रही हैं। कई लड़कियां घरों से निकलकर लडक़ों से दोस्ती के नाम पर सुनसान इलाकों में विचरण करती दिख जाएंगी।

लड़कियों से भी मर्यादित आचरण की अपेक्षा है। आज छोटी मोटी बात पर आपा खोकर लोगों द्वारा अपराध की घटनाओं को अंजाम देने के मामलों में दोषपूर्ण परवरिश, सामाजिक माहौल को दोषी करार दें या गलत संगत को, यह समस्या मनोवैज्ञानिकों के विवेचन व विश्लेषण का विषय है। पुलिस के लिए भी इस प्रकार के मसले और अपराधियों की विकृत मानसिकता चिंता का कारण बनी हुई है।

बच्चों और युवा मन तथा दिमाग पर अपराध से जुड़ी फिल्मों, वेब सीरीज और फेसबुक में परोसी जा रही गंदी रील्स का बुरा असर पड़ रहा है जो उन्हें आपराधिक कार्यों के लिए प्रेरित करती हैं। यह सच है कि पिछले कुछ वर्षों में आईटी क्रांति के चलते लोगों के सामाजिक संपर्कों और मेलमिलाप में कमी आई है और रिश्तों में दूरियां बढ़ी हैं और स्नेह, अपनत्व और आपसी सद्भाव घट गया है। वर्तमान समय में युवा अपने दिन का अधिकांश समय इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग प्लेटफार्मों पर बिताता है और साइबर अपराध, साइबर बुलिंग और हिंसक वीडियो गेम सहित गंदी वीडियो देखने के लिए अभिशप्त है। इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि बच्चे देश के भावी नागरिक होते हैं। लिहाजा उनके पालन पोषण, शिक्षा और विकास के मद्देनजर घर परिवार, स्कूल एवं समाज में बेहतरीन शैक्षिक और सुसंस्कृत वातावरण तैयार करना माता-पिता तथा समाज का दायित्व बनता है। यदि हम बच्चों को नैतिकता से परिपूर्ण आदर्श नागरिक बनाने में चूक गए तो समझो वे आगे चलकर उद्दंड एवं आपराधिक गतिविधियों के सरगना ही बनेंगे। यद्यपि हिमाचल में वर्ष 2002 में तैयार राज्य युवा नीति के अनुसार युवा वर्ग के लिए बाल्यवस्था से युवाकाल तक के सफर को निर्विघ्न एवं क्षमतादायी बनाने के लिए उत्तरोत्तर सरकारों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, दक्षता विकास व मनोरंजक खेल सुविधाओं में सुधार का प्रयास किया है, लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पालमपुर जैसी घटनाएं तथा कुछ अन्य घटनाएं युवाओं में बढ़ती हताशा, कुंठा और आर्थिकहीनता की ओर इशारा करती हैं।

इन समस्याओं का समाधान होना अनिवार्य है। युवाओं को भी समझना होगा कि जीवन यात्रा को सरल, सुगम एवं खुशनुमा बनाने के लिए स्कूली और युवावस्था के समय का सुंदर उपयोग सुनिश्चित बनाकर भविष्योन्मुखी लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना होगा, ताकि बाद के वर्षों में सुखपूर्वक जीवनयापन संभव हो सके। हिमाचल सरकार को भी चाहिए कि वह बैरकों और बटालियनों में तैनात पुलिस कर्मियों से कुछ जवानों को हिमाचल प्रदेश के सभी थानों में अटैच कर और उन्हें भीड़भाड़ वाले स्थानों में हथियारों सहित तैनात करे, ताकि स्थानीय नागरिकों एवं पर्यटकों में सुरक्षा का भरोसा जगाया जा सके। आप आम पब्लिक को रामभरोसे नहीं छोड़ सकते हैं, इसके लिए पुलिस थानों को संसाधनों और मैनपावर से परिपूर्ण बनाना ही होगा।

अनुज आचार्य

इंडिगो एयरलाइन की एक और छलांग, 30 एयरबस ए 350-900 विमानों का दिया ऑर्डर

परिवहन विशेष न्यूज

कंपनी ने एक बयान में कहा कि 30 ए350-900 विमानों का आर्डर देकर वह चौड़े आकार वाले विमानों का परिचालन करने वाली कंपनियों में शामिल हो जाएगी। इन विमानों में रॉल्स रॉयस के ट्रेंट एक्सडब्ल्यूबी इंजन होता है। इंडिगो में फिलहाल 350 विमानों का परिचालन होता है। कंपनी ने इस्तांबुल मार्ग पर परिचालन के लिए तुर्किश एयरलाइंस से दो बोइंग 777 विमान पट्टे पर लिए हैं।

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो ने चौड़े आकार के 30 ए350-900 विमानों का ऑर्डर दिया है। अपने अंतरराष्ट्रीय परिचालन का विस्तार कर रही एयरलाइन ने गुरुवार को यह घोषणा की। कंपनी अभी तक सिर्फ पतले आकार के एयरबस विमानों का परिचालन कर रही है। हालांकि, कंपनी ने इस्तांबुल मार्ग पर परिचालन के लिए तुर्किश एयरलाइंस से दो बोइंग 777 विमान पट्टे पर लिए हैं।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि 30 ए350-900 विमानों का आर्डर देकर वह चौड़े आकार वाले विमानों का परिचालन करने वाली कंपनियों में शामिल हो जाएगी। इन विमानों में रॉल्स रॉयस के ट्रेंट एक्सडब्ल्यूबी इंजन होता है। इंडिगो में फिलहाल 350 विमानों का परिचालन होता है। कंपनी ने पिछले साल जून में एयरबस को 500 विमानों का ऑर्डर दिया था। यह किसी एयरलाइन द्वारा एक बार में दिया गया सबसे बड़ा ऑर्डर था।

इस ऑर्डर के साथ एयरबस के साथ इंडिगो की रणनीतिक साझेदारी नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई है। इसी तरह, रॉल्स रॉयस के साथ सहयोग एक आशाजनक दीर्घकालिक सहयोग की शुरुआत का प्रतीक है। इन नए विमानों की डिलीवरी 2027 से शुरू होने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, इंडिगो के पास अतिरिक्त 70 एयरबस ए350 फैमिली विमानों के खरीद अधिकार हैं, जो भविष्य में विस्तार के लिए फ्लेक्सीबिलिटी प्रदान करते हैं।

बता दें कि यह घोषणा साल 2023 में इंडिगो के उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद आई है। पिछले वर्ष इंडिगो के विमानों में 10 करोड़ लोगों ने सफर किया। वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ती एयरलाइनों में से एक के रूप में, यह ऑर्डर इंडिगो के विकास और विस्तार को बढ़ावा देगा।

इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने इस क्षण पर अपना उत्साह व्यक्त किया और एयरलाइन और भारतीय विमानन दोनों के लिए इसके महत्व पर जोर दिया। उन्होंने भारत की पसंदीदा एयरलाइन होने और देश के विकास में योगदान देने के लिए इंडिगो की प्रतिबद्धता दोहराई।

वाइड-बॉडी विमानों में इंडिगो का निवेश 2030 तक देश को वैश्विक विमानन केंद्र के रूप में स्थापित करने के भारत सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

सरकार को उम्मीद, बेहतर मानसून से खाद्य वस्तुओं की महंगाई होगी कम

वित्त मंत्रालय की तरफ से गुरुवार को जारी जारी मासिक रिपोर्ट जारी हुई। रिपोर्ट के मुताबिक मानसून सीजन में सामान्य से अधिक बारिश होने से फसल का उत्पादन अधिक होने का अनुमान है। इससे आने वाले महीनों में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी आएगी। रिपोर्ट के अनुसार खाद्य वस्तुओं की महंगाई सरकार की प्रमुख चुनौती है।

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय का मानना है कि मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक इस साल सामान्य से अधिक मानसून रहेगा और फलस्वरूप आने वाले महीनों में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी आएगी।

अभी खुदरा महंगाई दर भले ही पांच प्रतिशत से नीचे आ गई है, लेकिन खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई दर आठ प्रतिशत से अधिक है। इस साल मार्च में खुदरा महंगाई दर 4.85 प्रतिशत थी जबकि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 8.5 प्रतिशत थी। इस साल फरवरी में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 8.7 प्रतिशत थी।

वित्त मंत्रालय की तरफ से गुरुवार को जारी जारी मासिक रिपोर्ट के मुताबिक मानसून सीजन में सामान्य से अधिक बारिश होने से फसल का उत्पादन अधिक होने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की महंगाई सरकार की प्रमुख चुनौती है।

सरकार उठा रही है अहम कदम

सरकार आयात को खोलने, स्टाक सीमित करने एवं सरकारी कीमत पर कई वस्तुओं की बिक्री जैसे प्रयासों से खाद्य वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्य रूप से दाल व सब्जी के दाम में बढ़ोतरी से खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर आठ प्रतिशत से ऊपर पहुंच गई है। अभी दाल की कीमत काफी तेज है, इसलिए इस बार खरीफ सीजन में दाल की बुवाई अधिक होने की उम्मीद की जा रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक अभी दुनिया भर में खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतें चुनौती बनी हुई है। जर्मनी, इटली, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका व ब्रिटेन जैसे देश खाद्य वस्तुओं की महंगाई से प्रभावित है और वैश्विक स्तर पर खाद्य वस्तुओं के दाम को नियंत्रण में लाने का प्रयास किया जा रहा है।

वित्त मंत्रालय का यह भी मानना है कि विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के सूचकांक को देखते हुए घरेलू स्तर पर मैन्यूफैक्चरिंग और सेवा दोनों ही सेक्टर में विस्तार जारी रहेगा। हालांकि भू-राजनीतिक तनाव चिंता का विषय है, लेकिन धीरे-धीरे इस तनाव में कमी की संभावना है जिससे विकास में और बढ़ोतरी हो सकती है।

विभिन्न वैश्विक एजेंसियां और आरबीआई पहले ही कह चुकी है कि इस साल भी भारत सबसे तेज गति से विकास करने वाला देश होगा।

वित्त मंत्रालय का मानना है कि मैन्यूफैक्चरिंग प्रोत्साहन से जुड़ी प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम का परिणाम अब दिखने लगा है और भारतीय निर्यात में भी चालू वित्त वर्ष में बढ़ोतरी का रुख रहने का अनुमान है। इस वजह से चालू वित्त वर्ष में व्यापार घाटे में भी कमी आएगी।

निर्यात होने वाले सभी मसाले की गुणवत्ता की होगी जांच, मसाला बोर्ड ने जारी किया निर्देश

सिंगापुर और हांगकांग में एवरेस्ट एवं एमडीएच के मसालों में एथिलीन आक्साइड के तत्व पाए गए। इसके बाद दोनों देशों ने इन ब्रांडों के मसालों के आयात को बंद कर दिया है। एथिलीन आक्साइड से कैंसर जैसी बीमारी होने का खतरा होता है। अब अन्य देशों में निर्यात होने वाले मसालों की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। मसाला बोर्ड ने इस संबंध में निर्देश जारी किया है।

नई दिल्ली। सिंगापुर और हांगकांग निर्यात होने वाले मसालों में एथिलीन आक्साइड के तत्व पाए जाने के बाद अब अन्य देशों में निर्यात होने वाले मसालों की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। मसाला बोर्ड ने इस संबंध में निर्देश जारी किया है।

सिंगापुर और हांगकांग में एवरेस्ट एवं एमडीएच के मसालों में एथिलीन आक्साइड के तत्व पाए गए और उसके बाद दोनों देशों ने इन ब्रांडों के मसालों के आयात को बंद कर दिया है। एथिलीन आक्साइड से कैंसर जैसी बीमारी होने का खतरा होता है।

बोर्ड की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक मसालों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और बोर्ड उन निर्यातकों से भी संपर्क कर रहा है जिनके मसाले को सिंगापुर व हांगकांग ने प्रतिबंधित किया है।

मसाला बोर्ड की प्रयोगशालाओं में मसालों की गुणवत्ता जांच के बाद ही निर्यात की इजाजत होगी। गुणवत्ता नियम का पालन नहीं करने वाले निर्यातकों के मसाला निर्यात पर प्रतिबंध लगाया जाएगा।

इस वित्तीय वर्ष निजी हवाई हड्डों की होगी चांदी, CRISIL ने लगाय रेवेन्यू में 30 प्रतिशत ग्रोथ का अनुमान

निजी हवाईअड्डों की कमाई में इस वित्तीय वर्ष में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने की संभावना है। वैमानिकी स्रोतों में बुनियादी ढांचे के उपयोग के लिए यात्रियों एयरलाइंस और कार्गो ऑपरेटरों से एकत्र की गई फीस शामिल है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि गैर-वैमानिकी स्रोतों में विज्ञापन रिटेल सेल लाउंज और शुल्क-मुक्त दुकानें शामिल हैं।

नई दिल्ली। गुरुवार को एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ते ट्रैफिक के कारण देश में निजी हवाईअड्डों की कमाई में इस वित्तीय वर्ष में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने की संभावना है। जैसे-जैसे यात्रियों की संख्या बढ़ेगी, हवाईअड्डों के वैमानिकी और गैर-वैमानिकी राजस्व में वृद्धि देखी जाएगी।

सालाना 45 प्रतिशत बढ़ोतरी की उम्मीद

वैमानिकी स्रोतों में बुनियादी ढांचे के उपयोग के लिए यात्रियों, एयरलाइंस और कार्गो ऑपरेटरों से एकत्र की गई फीस शामिल है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि गैर-वैमानिकी स्रोतों में विज्ञापन, खुदरा, लाउंज और शुल्क-मुक्त दुकानें शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि हवाईअड्डों के राजस्व में लगभग दो-तिहाई बढ़ोतरी वैमानिकी स्रोतों से आने की उम्मीद है, जो साल-दर-साल 45 प्रतिशत की वृद्धि है।

घरेलू यातायात में होगी वृद्धि

क्रिसिल ने कहा कि निरंतर आर्थिक विकास, अधिक हवाई अड्डों के खुलने और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में सुधार से घरेलू यातायात वृद्धि के लिए आवश्यक अनुकूल परिस्थितियां मिल रही हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, बढ़ती व्यावसायिक यात्रा और मलेशिया और वियतनाम जैसे देशों के लिए वीजा आवश्यकताओं को आसान बनाना, पश्चिमी यूरोप के लिए वीजा आवेदनों के लिए प्रतीक्षा समय को कम करना और पश्चिमी और दक्षिण पूर्व एशिया के लिए कनेक्टिविटी में सुधार महत्वपूर्ण सकारात्मक बातें हैं।

यात्री संख्या में मौजूदा उछाल की प्रत्याशा में हवाई अड्डों ने महामारी के दौरान अपनी क्षमता को दोगुना से अधिक करने के लिए महत्वपूर्ण विस्तार किया। रिपोर्ट के अनुसार, वैमानिकी शुल्कों में मौजूदा वृद्धि इन क्षमता विस्तारों की भरपाई कर रही है। इसमें कहा गया है कि शेष एक-तिहाई राजस्व वृद्धि गैर-वैमानिकी स्रोतों से संचालित होगी, जो साल-दर-साल 15 प्रतिशत की वृद्धि है।

भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेंगे ये कारक, रिपोर्ट में सामने आई ये बात

भारत के आशाजनक आर्थिक विकास में समर्थन देने में लचीली वृद्धि मूल्य स्थिरता और स्थिर बाहरी क्षेत्र का दृष्टिकोण सहायक होगा। अंतरराष्ट्रीय संगठनों और आरबीआई द्वारा भारत के लिए चालू वित्त वर्ष के विकास दृष्टिकोण के सकारात्मक आकलन के साथ भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी हुई है। आइये हम इस विषय के बारे में विस्तार से जानते हैं।

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय की एक रिपोर्ट में गुरुवार को कहा गया कि लचीली वृद्धि, मूल्य स्थिरता और स्थिर बाहरी क्षेत्र का दृष्टिकोण अनिश्चित वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत के आशाजनक आर्थिक प्रदर्शन को समर्थन दे रहा है। मार्च की मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि कुल मिलाकर, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और आरबीआई द्वारा भारत के लिए चालू वित्त वर्ष के विकास दृष्टिकोण के सकारात्मक आकलन के साथ, भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी हुई है।

आईएमएफ ने अपने अप्रैल 2024 विश्व आर्थिक आउटलुक में वित्त वर्ष 2024 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि के अपने अनुमान को जनवरी 2024 के अपडेट में 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.8 प्रतिशत और अक्टूबर 2023 डब्ल्यूईओ में 6.3 प्रतिशत कर दिया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक आर्थिक विकास परिदृश्य में धीरे-धीरे पुनरुत्थान देखा जा रहा है, जो मंदी की आशंकाओं को कम कर रहा है और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में विकास में तेजी ला रहा है। इसमें कहा गया है कि भू-राजनीतिक तनाव चिंता का विषय बना हुआ है, लेकिन हाल के घटनाक्रमों के बावजूद, जोखिम धारणाएं नरम हो गई हैं, जिससे विकास में तेजी की संभावना दिख रही है।

प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में प्रगति

वैश्विक आर्थिक वृद्धि में सुधार के बारे में बात करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में यह प्रगति पर है, हालांकि असमानताएं बनी हुई हैं। जबकि प्रमुख संकेतक संकेत देते हैं कि आर्थिक गतिविधि में वृद्धि हुई है और भू-राजनीतिक तनाव थोड़ा कम हुआ है, हाल के संघर्ष जोखिम पैदा कर रहे हैं। इसके बावजूद

वैश्विक चुनौतियों में, भारत अपने मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के साथ खड़ा है, सभी क्षेत्रों में व्यापक-आधारित विकास को उजागर करता है और वैश्विक विकास प्रक्षेपवक्र का समर्थन करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का दावा करता है।

वैश्विक मंदी के कारण भारत के व्यापारिक निर्यात और आयात में नरमी आई है, इसमें कहा गया है कि व्यापार में मंदी के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2023-24 में व्यापारिक व्यापार घाटा कम हो गया है, क्योंकि निर्यात में आयात की तुलना में कम संकुचन देखा गया है।

हालांकि, गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न और आभूषण व्यापारिक निर्यात ने पिछले कुछ महीनों में निरंतर वृद्धि के साथ लचीलापन दिखाया है, जो वित्त वर्ष 24 में 3 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।

2023-24 में पूंजी प्रवाह में बदलाव

बढ़ते सॉफ्टवेयर निर्यात और व्यावसायिक सेवाओं के निर्यात द्वारा समर्थित, वित्त वर्ष 2014 में सेवा निर्यात सबसे तेज गति से बढ़ा।

इसमें कहा गया है कि इन विकासों के कारण, भारत के चालू खाते के घाटे में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2023-24 के पहले नौ महीनों में सुधार हुआ है।

भारत के पूंजी प्रवाह में 2023-24 में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा गया, और इसका विदेशी मुद्रा भंडार मार्च 2024 में सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो 11 महीने के अनुमानित आयात और कुल विदेशी ऋण के 100 प्रतिशत से अधिक को कवर करने के लिए पर्याप्त था।

लगातार बढ़ रहे सोने के दाम पर लगा ब्रेक, आज इतने रुपये लुढ़क गया गोल्ड

Gold-Silver Price Today पिछले कुछ दिनों से सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिली थी। आज वहीं सोने की कीमतों में हल्की गिरावट देखने को मिली है। वैश्विक स्तर पर सोने की दरों में गिरावट की वजह से राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने की कीमत 110 रुपये फिसलकर 72500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वहीं चांदी की कीमतों में तेजी आई है।

नई दिल्ली। सोने की कीमतों में तेजी आ रही थी। गोल्ड प्राइस को लेकर कई एक्सपर्ट कह रहे हैं कि इस साल के अंत में 10 ग्राम गोल्ड की कीमत 1 लाख रुपये तक पहुंच सकती है।

आज एमसीएक्स पर सोने की कीमतों में नरमी देखने को मिली है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार वैश्विक स्तर पर सोने की दरों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने की कीमत 110 रुपये फिसलकर 72,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

पिछले सत्र में गोल्ड 72,610 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी की कीमतें 350 रुपये उछलकर 84,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गईं। पिछले बंद में यह 83,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटी के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 72,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं, जो पिछले बंद के मुकाबले 110 रुपये कम है। गुरुवार को सोने में मामूली गिरावट देखी गई क्योंकि मध्य पूर्व में तनाव कम होने के कारण सुरक्षित-हेवन प्रीमियम में कमी के कारण कीमती धातु की समग्र अपील कम रही।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के दाम

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स पर सोना हाजिर 2,319 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद से 3 अमेरिकी डॉलर कम है। हालांकि, चांदी मामूली बढ़त के साथ 27.20 डॉलर प्रति औंस पर थी। पिछले सत्र में यह 27.10 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ था.

एबन्स होल्डिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा कि व्यापारी अमेरिका से आने वाले मैक्रो डेटा से पहले पीली धातु पर कोई भी ताजा स्थिति लेने से परहेज करेंगे, जिसमें साप्ताहिक बेरोजगारी के दावे और गुरुवार को आने वाले अमेरिकी पहली तिमाही के जीडीपी अनुमान भी शामिल हैं।.

एलकेपी सिक्योरिटीज के वीपी रिसर्च एनालिस्ट - कमोडिटी एंड करेंसी, जतीन त्रिवेदी ने कहा कि बाजार की धारणा आशावादी बनी हुई है, जिसका फोकस शुक्रवार को जारी होने वाले आगामी अमेरिकी व्यक्तिगत उपभोग व्यय (पीसीई) मूल्य सूचकांक डेटा पर है।

वंदे भारत में सफर करने वाले ध्यान दें, रेलवे ने बदला नियम; ट्रेन में अब नहीं मिलेगी ये सुविधा

अगर आप एक शहर से दूसरे शहर आने जाने के लिए वंदे भारत ट्रेन (Vande Bharat Train) का इस्तेमाल करते हैं तो यह खबर आपके काम की है। दरअसल रेलवे अधिकारियों ने ट्रेन यात्रियों को मिलने वाली इस सुविधा को लेकर अब बदलाव करने का फैसला किया है। रेलवे ने पानी की बर्बादी रोकने के लिए यह कदम उठाया है।

परिवहन विशेष न्यूज

नईदिल्ली। वंदे भारत ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों को एक लीटर वाली पानी की बोतल मिलती है। रेलवे ने इसमें अब बदलाव करने का निर्णय लिया है। यात्रियों को एक लीटर की जगह 500 मिलीलीटर की पानी की बोतल प्रदान की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि पानी की बर्बादी को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि ट्रेन में यात्रियों को दी जाने वाली पानी की बोतल की उपयोगिता की समीक्षा करने के बाद यह कदम उठाया गया है। यह देखा गया है कि अधिकांश यात्री पानी का पूरा उपयोग नहीं करते हैं।

पानी की बर्बादी रोकने को लिया फैसला

बोतल में बचा हुआ पानी किसी और के उपयोग लायक नहीं रह जाता है। इस बर्बादी को रोकने के लिए रेलवे द्वारा सभी वंदे भारत ट्रेनों में प्रत्येक यात्री को 500 मिलीलीटर की एक रेल नीर पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर (पीडीडब्ल्यू) बोतल देने का निर्णय लिया है।

500 मिलीलीटर की एक और रेल नीर पीडीडब्ल्यू बोतल यात्रियों की मांग पर बिना कोई अतिरिक्त शुल्क लिए दी जाएगी। इस तरह से यात्री अपनी जरूरत के अनुसार पानी ले सकेंगे। एक लीटर तक पानी लेने के लिए उन्हें कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा।

वोटिंग से एक दिन पहले ही ईस्ट त्रिपुरा में विशेष तरीकों से पड़े 11 हजार वोट, ये है वजह

ईस्ट त्रिपुरा संसदीय क्षेत्र में विशेष वोटिंग प्रक्रियाओं के तहत 11 हजार से अधिक मतदाताओं ने मतदान से एक दिन पहले ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है। निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि कुछ मतदान स्थलों पर सौ प्रतिशत से अधिक मतदान की खबर से भ्रम की स्थिति पैदा हुई जबकि ऐसा नहीं है। लोगों ने अपने घरों पर मताधिकार का प्रयोग किया।

अगरतला। ईस्ट त्रिपुरा संसदीय क्षेत्र में विशेष वोटिंग प्रक्रियाओं के तहत 11 हजार से अधिक मतदाताओं ने मतदान से एक दिन पहले ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है। निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि कुछ मतदान स्थलों पर सौ प्रतिशत से अधिक मतदान की खबर से भ्रम की स्थिति पैदा हुई जबकि ऐसा नहीं है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी पुनीत अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि कुछ मतदान स्थलों पर सौ प्रतिशत से अधिक मतदान इसलिए गिना गया क्योंकि वह ईडीसी वोटर भी थे। इलेक्शन ड्यूटी सर्टीफिकेट (ईडीसी) मतदान केंद्र में तैनात अधिकारियों को जारी किया जाता है।

अपने घरों पर मताधिकार का प्रयोग किया

उन्होंने बताया कि 17 और 18 अप्रैल को दिव्यांग और 85 साल से अधिक आयु के मतदाताओं ने अपने घरों पर मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रक्रिया में 4515 मतदाताओं ने मतदान किया। इसके अलावा, 165 उन लोगों ने वोट डाले जो आवश्यक सेवाओं में कार्यरत हैं। इसके अलावा, 6379 मतदाताओं ने बैलेट से मतदान किया।

अभी तक 94 प्रतिशत मत प्राप्त हुए

इस मामले में अभी तक 94 प्रतिशत मत ही प्राप्त हुए हैं। बाकी उन्हीं लोगों के बैलेट वोट माने जाएंगे जो निर्वाचन अफसरों को मतदान केंद्र पर चार जून को सुबह आठ बजे तक मिल जाएंगे।

ईस्ट त्रिपुरा में वैध मतदाताओं की संख्या 13,96,761

ईस्ट त्रिपुरा में कुल वैध मतदाताओं की संख्या 13,96,761 है। उल्लेखनीय है कि 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13.96 लाख वैध मतदाताओं को वोट डालने हैं। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस संसदीय सीट पर चुनाव प्रचार बुधवार को ही खत्म हो गया था।

28 तारीख को राहुल गांधी कटक आएंगे

मनोरंजन सासमल, स्टेट हेड उडीशा

भुबनेश्वर : अगले रविवार 28 तारीख को राहुल गांधी कटक आ रहे हैं। सालेपुर और निश्चिंतकोइली में उनके कार्यक्रम हैं। राहुल गांधी की मौजूदगी में प्रदेश कांग्रेस 2024 के आम चुनाव के लिए अपना अभियान सालेपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत उत्कल गोरम मधुसूदन दास की जन्मस्थली सातवमापुर से शुरू करेगी। श्री गांधी सातवामापुर में मधुबाबू की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद निश्चिंतकोइली डंप साइट पर एक विशाल सार्वजनिक सभा को संबोधित करेंगे। समारोह में कटक, केंद्रपाड़ा और अन्य आसपास के जिलों से 1 लाख से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे। अगले 28 तारीख को ओडोनिया स्वविमान और अस्मिता के प्रतीक मधुसूदन दास की जयंती है। इसलिए कांग्रेस मधुबाबू की जन्मस्थली से प्रचार अभियान शुरू करने जा रही है। प्रांतीय कांग्रेस कमेटी के प्रस्ताव पर राहुल गांधी मधु बाबू की जन्मस्थली पर ओडिशा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं को जीत का मंत्र देंगे। इससे पिछड़ रहे संगठन को बढ़ावा मिलेगा। राहुल के दौरे को लेकर कांग्रेस खेमे में तैयारियां तेज हो गई हैं।

अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती पर रूस ने UN में साफ किया रुख, अमेरिका बोला 'सवाल तो उठता है'

परिवहन विशेष न्यूज

नईदिल्ली। दुनिया युद्ध के संकट को झेल रही है। एक तरफ जहां रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है तो वहीं दूसरी तरफ इजराइल लगातार हमास को निशाने पर लिए हुए है। ईरान और इजराइल के बीच भी तनाव बढ़ा है। अब जहां तमाम देश इन युद्धों को लेकर चिंतित हैं तो वहीं दुनिया के सामने एक और बड़ा संकट खड़ा हो गया है। यह मुद्दा भी कोई छोटा मसला नहीं है। यह मुद्दा अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती से संबंधित हैं। फिलहाल, रूस ने सभी देशों पर अंतरिक्ष में खतरनाक परमाणु हथियारों को तैनात करने की होड़ पर रोक लगाने संबंधी संयुक्त राष्ट्र और जापान के एक प्रस्ताव पर बुधवार को वीटो किया है। पंद्रह सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 13 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया जबकि रूस ने इसका विरोध किया। चीन इस मामले पर नदारद रहा। रूस ने प्रस्ताव को राजनीति से प्रेरित करार देते हुए इसे खारिज कर दिया और कहा कि यह प्रस्ताव अंतरिक्ष में सभी प्रकार के हथियारों पर प्रतिबंध लगाने में उतना सक्षम नहीं है। प्रस्ताव में सभी देशों से अंतरिक्ष में परमाणु हथियार या फिर ऐसे किसी भी हथियार को तैनात नहीं करने का आह्वान किया गया है, जो भारी तबाही का कारण बने।अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने मतदान के बाद कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का कहना है कि मॉस्को की अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों को तैनात करने की मंशा बिल्कुल भी नहीं है लेकिन रूस की तरफ से वीटो किए जाने पर यह सवाल उठाता है कि सरकार कुछ ना कुछ छिपा रही है। अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती 1967 के अंतरराष्ट्रीय संधि के अंतर्गत प्रतिबंधित है। व्हाइट हाउस ने फरवरी में इस बात की पुष्टि की थी रूस ने उपग्रह रोधी हथियार क्षमता हासिल कर ली है हालांकि ऐसा कोई हथियार अभी तक प्रयोग में नहीं लाया गया है। 18 मार्च को थॉमस ग्रीनफील्ड ने प्रस्ताव की घोषणा की थी। पुतिन ने बाद में इस बात की घोषणा की थी कि मॉस्को का अंतरिक्ष में परमाणु हथियार तैनात करने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने दावा किया कि रूस ने केवल अमेरिका के समान अंतरिक्ष क्षमताएं विकसित की हैं।

'स्त्रीधन पर पति का हक नहीं', सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 25 लाख रुपये लौटाने का दिया निर्देश

विवाहित जोड़े की संपत्ति से जुड़े एक मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक पति का पत्नी के स्त्रीधन (महिला की संपत्ति) पर कोई नियंत्रण नहीं होता। अदालत ने कहा कि संकट के समय पति पत्नी के स्त्रीधन का इस्तेमाल कर सकता है लेकिन संपत्ति लौटाना उसका नैतिक दायित्व है।

नई दिल्ली। विवाहित जोड़े की संपत्ति से जुड़े एक मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक पति का पत्नी के 'स्त्रीधन' (महिला की संपत्ति) पर कोई नियंत्रण नहीं होता। 10 साल से अधिक पुराने इस मुकदमे में अपने हक की लड़ाई के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची महिला के मामले की सुनवाई जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ में हुई। कोर्ट ने पत्नी के 'स्त्रीधन' पर पति का नियंत्रण होने के मामले में अहम टिप्पणी की।

अदालत ने क्या कहा?

अदालत ने कहा कि संकट के समय पति पत्नी के स्त्रीधन का इस्तेमाल कर सकता है, लेकिन संपत्ति लौटाना उसका नैतिक दायित्व है। अदालत ने एक महिला के खोए हुए सोने के बदले 25 लाख रुपये लौटाने का निर्देश देते हुए अपने फैसले में यह अहम बात कही। इस मामले में महिला ने दावा किया कि शादी के समय उसके परिवार ने उसे 89 सोने के सिक्के उपहार में दिए थे। साथ ही शादी के बाद उनके पिता ने उनके पति को दो लाख रुपये का चेक दिया था।

महिला ने क्या कहा?

महिला के अनुसार, शादी की पहली रात उसके पति ने सभी गहने अपने कब्जे में ले लिए। गहनों को सुरक्षित रूप से सहेजने के नाम पर उसने गहने अपनी मां को दे दिए। महिला के आरोप के अनुसार, पति और उसकी सास ने अपनी पुराने

कर्जों का निपटारा करने के लिए उसके गहनों का दुरुपयोग किया। मामला अदालत में पहुंचने के बाद फैमिली कोर्ट ने 2011 में पारित फैसले में महिला के आरोपों को सही पाया।

स्त्रीधन पत्नी और पति की संयुक्त संपत्ति नहीं: SC

कोर्ट ने पति और उसकी मां से उक्त दुरुपयोग से हुए नुकसान की भरपाई करने का निर्देश दिया। बाद में मामला केरल हाई कोर्ट पहुंचा। यहां कोर्ट ने पारिवारिक अदालत से मिली राहत को आंशिक रूप से खारिज कर कहा कि महिला पति और उसकी मां द्वारा सोने के आभूषणों की हेराफेरी को साबित करने में असफल रही। हालांकि, मामला जब सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा तो शीर्ष अदालत ने कहा कि स्त्रीधन पत्नी और पति की संयुक्त संपत्ति नहीं है।

पति का नहीं है इस पर कोई नियंत्रण

पति के पास मालिक के रूप में ऐसी संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं होता। कोर्ट ने साफ किया कि किसी महिला को शादी से पहले, शादी के समय या विदाई के समय या उसके बाद उपहार में दी गई संपत्तियां स्त्रीधन संपत्तियां हैं। यह महिला की पूर्ण संपत्ति है। उसे अपनी खुशी के अनुसार इनका निपटान करने का पूरा अधिकार है। पति का इस पर कोई नियंत्रण नहीं है।

दक्षिणी दिल्ली में 2 करोड़ से ज्यादा रुपये डकार गए जालसाज, बरतें ये सावधानियां और ऐसे करें शिकायत

जालसाजों ने तीन महीने में दक्षिणी दिल्ली के निवासियों से दो करोड़ से ज्यादा रुपये की ठगी कर ली। लेकिन पुलिस जालसाजों के आकाओं तक नहीं पहुंच सकी। इस साल जनवरी से मार्च महीने तक तीनों जिलों के साइबर क्राइम थानों में जालसाजी के करीब 79 केस दर्ज किए गए। जालसाज वारदात के बाद अपने मोबाइल सहित अन्य संपर्क सूत्र को बंद कर देते हैं।

दक्षिणी दिल्ली। साइबर जालसाजों ने तीन महीने में दक्षिणी दिल्ली के निवासियों से दो करोड़ से ज्यादा रुपये की ठगी कर ली। आरोपितों ने पीड़ितों को अलग-अलग तरीकों अपना शिकार बनाया।

दक्षिणी, दक्षिणी-पश्चिमी और दक्षिणी-पूर्वी दिल्ली जिले की पुलिस ने एफआइआर तो दर्ज कर ली, लेकिन जालसाजों के आकाओं तक नहीं पहुंच सकी। जबकि ठगी का सिलसिला अभी भी जारी है।

जालसाजी के करीब 79 केस दर्ज

इस साल जनवरी से मार्च महीने तक तीनों जिलों के साइबर क्राइम थानों में जालसाजी के करीब 79 केस दर्ज किए गए। इन मामलों में जालसाजों ने पीड़ितों की दो करोड़ से ज्यादा रुपये की गाढ़ी कमाई ठग ली। आरोपितों ने किसी से 20 लाख तो किसी ने 50 लाख रुपये की ठगी की। इसके अलावा अन्य थानों में भी 10 से ज्यादा ठगी की एफआइआर दर्ज की जा चुकी है। अभी भी ऐसे मामले आ रहे है। ऐसे शातिरों की गिरफ्तारी करना भी पुलिस के लिए मुश्किल हो गया है। जालसाज वारदात के बाद अपने मोबाइल सहित अन्य संपर्क सूत्र को बंद कर देते हैं।

ऑनलाइन ट्रेडिंग और टास्क देकर सबसे ज्यादा ठगी

जालसाजों ने अधिकतर मामलों में ऑनलाइन ट्रेडिंग और टास्क देकर मोटा पैसा कमाने का झांसा देकर ठगी की है। तीन महीनों में सामने आए मामलों में 50 वारदातों को इसी तरह अंजाम दिया। वे ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर पीड़ितों से लाखों रुपये का निवेश करा लेते हैं। पैसे लेने के बाद अपना मोबाइल नंबर बंद कर देते हैं। इसी तरह ठग ऑनलाइन टास्क देकर पीड़ितों को पहले दो-तीन दिन तक दो से तीन हजार रुपये का मुनाफा देते हैं। फिर ज्यादा मुनाफा कमाने का लालच देकर उनसे लाखों रुपये फर्जी खातों में ट्रांसफर करा लेते हैं।

यहां करें शिकायत

ठगी का शिकार होने पर तुरंत 1930 पर काल करें। या फिर cybercrime.gov.in पर जाकर शिकायत दर्ज कराएं। इसके अलावा संबंधित साइबर क्राइम थाने में शिकायत की जा सकती है।

यह बरतें सावधानी

सबसे पहले लोन सैटलमेंट के लिए खुद ही बैंक से संपर्क करें।

सोशल मीडिया पर अपनी फोटो, वीडियो या वायस से जुड़े पोस्ट पर प्राइवेसी सेट करें, ताकि इसे कोई सेव या कॉपी न कर पाए।

अनजान नंबर से काल आए तो उठाने से बचें।

कोई भी व्हाट्सऐप काल करके ओटीपी मांगे तो साझा न करें।

अपने व्हाट्सऐप पर टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन या टू स्टेप वेरिफिकेशन लगाएं।

कभी भी दो से तीन मिनट तक मोबाइल में सिग्नल न आने पर अलर्ट हो जाएं।

ठग अलग-अलग तरीकों से खाली कर रहे लोगों का खाता

जालसाज आए दिन ठगी के नए नए तरीके निकाल रहे हैं। आरोपित विदेश में नौकरी दिलाने, कैश आन डिलिवरी कैंसिल कराने, बीमा पालिसी को दोबारा शुरू कराने, एआइ (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के जरिये, फिंगर प्रिंट क्लोन करके, बिजली के बिल, फर्जी वेबसाइट बनाकर, व्हाट्सऐप हैक कर रिश्तेदारों से मदद मांगने के बहाने, सिम स्वैपिंग, लोन की किस्त कम राशि में कराने, विदेश से उपहार व विदेशी मुद्रा भेजने और झूठी एफआइआर दर्ज कराने सहित अन्य बहानों से पीड़ितों के बैंक खाते खाली कर रहे हैं।

आरोपित और रकम नहीं आ पाती हाथ

ठगी के बाद न तो आरोपित जल्दी से पुलिस गिरफ्त में आते हैं और न ही पीड़ित को रकम वापस मिलती है। छतरपुर एन्क्लेव में रहने वाली एक युवती से ठगों ने छह अप्रैल को पांच लाख ठग लिए थे। पीड़िता का कहना है कि अभी तक आरोपित गिरफ्तार नहीं हुआ है न ही उन्हें पैसे मिले हैं। इसी तरह साकेत निवासी कुंदन से आनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 15 लाख ठगे गए।

साइबर ठगी से परिवार हों जागरूक

परिवार को साइबर ठगों से बचाने के लिए उन्हें बताना चाहिए कि अनजान नंबरों से किसी भी तरह के ऑफर में नहीं फंसना है। कोई भी व्यक्ति अगर आपसे ओटीपी या बैंक खाते से जुड़ी जानकारी मांगता है, तो उसे नहीं देना है।

मथुरा-आगरा नगर निगम को भारी पड़ी लापरवाही : 65 करोड़ का जुर्माना

परिवहन विशेष न्यूज

नई दिल्ली। एनजीटी के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ आगरा और मथुरा-वृंदावन में यमुना के प्रदूषण मामले में 65 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है. इस रकम का उपयोग यहां के पर्यावरण सुधार के लिए किया जायेगा.

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने आगरा और मथुरा के नगर निगमों पर 65 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है. एनजीटी ने कहा ये रकम नगर निगमों को तीन महीने के अंदर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) को जमा करनी होगी. डॉ. संजय कुलश्रेष्ठ की याचिका पर ये आदेश जारी किया गया है.

एनजीटी के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ आगरा और मथुरा-वृंदावन में यमुना के प्रदूषण मामले में दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी. इसमें कहा गया कि संबंधित अधिकारियों की ओर से जल अधिनियम के प्रावधानों का घोर उल्लंघन किया जा रहा है. इस 65 करोड़ के जुर्माने की राशि का उपयोग आगरा, मथुरा और वृन्दवान में पर्यावरण सुधार के लिए किया जायेगा.

एनजीटी की बेंच ने कहा, यह मानने में कोई झिझक नहीं है कि यमुना नदी की जल पारिस्थितिकी की सुरक्षा और उसकी सफाई राज्य का दायित्व था, लेकिन इसमें वो बुरी तरह से फेल रहा. ट्रिब्यूनल ने कहा कि आगरा नगर निकाय ने भी सहमति के बिना स्थापित दो एसटीपी का संचालन करके अधिनियम का उल्लंघन किया है.

200 पन्नों के फैसले में, पीठ ने कहा कि दोनों स्थानों के नगर निगम और उनके सीवेज का संचालन करने वाली एजेंसियों ने निर्वहन को रोककर प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया है. आगे कहा गया कि संबंधित अधिकारियों की ओर से जल अधिनियम के प्रावधानों का घोर उल्लंघन है. इस मामले में वे परिणामी, निवारक, दंडात्मक और उपचारात्मक कार्रवाई के लिए उत्तरदायी है.

बेंच ने कहा यमुना नदी किसी दैवीय कार्य से प्रदूषित नहीं हुई है बल्कि लोगों ने इसे प्रदूषित किया है. इससे भी अधिक, अधिकारियों की लापरवाही, नदी के प्रति ईमानदारी, चिंता और श्रद्धा की कमी के कारण नदी इतनी ज्यादा प्रदूषित है. पर्यावरण मुआवजे की राशि का उपयोग आगरा, मथुरा और वृन्दावन क्षेत्रों में पर्यावरण के सुधार के लिए करेगा. जिसे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक संयुक्त समिति द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक संजय कुमार बाटला द्वारा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-18,19,20 सेक्टर 59, नोएडा (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं 3, प्रियदर्शनी अपार्टमेंट ए-4, पश्चिमी विहार, नई दिल्ली- 110063 से प्रकाशित। सम्पर्क : 9212122095, 9811902095 . newstransportvishesh@gmail.com
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन पी .आर .बी . एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी) किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली के न्यायालय के अधीन होंगे। RNI No :- DELHIN/2023/86499. DCP Licensing Number F.2 (P-2) Press/2023